

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 4 अंकः 190 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 20 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## संसद में तृणमूल का 'महिला विरोधी चेहरा' उजागरः पीएम मोदी

मेदिनीपुर/कोलकाता, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी शासनकाल में भर्ती घोटालों, शिक्षकों की नियुक्ति, मध्याह्न भोजन योजना और चक्रवात राहत कोष में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल भाजपा नहीं, बल्कि राज्य की जनता खुद लड़ रही है। उन्होंने कहा, "बंगाल के युवा, किसान, मजदूर और माताएं-बहनें बदलाव का संकल्प लेकर मैदान में हैं। यही कारण है कि टीएमसी के गुंडे भयभीत हैं।"

पीएम मोदी ने दावा किया कि राज्य में "हर अत्याचार का हिसाब" होगा और जनता अब परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि "गली-गली में एक ही नारा है– पलटानो दरकार, चाई भाजपा सरकार।" उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर किसानों को केंद्र की योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा और मंडियों से बिचौलियों को हटाया जाएगा।

### महिला आरक्षण पर टीएमसी पर हमला

प्रधानमंत्री ने संसद में हालिया चर्चा का जिक्र करते हुए टीएमसी पर महिलाओं के प्रति विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर टीएमसी ने समर्थन नहीं किया, जिससे उसका "महिला विरोधी चेहरा" सामने आ गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से डरती है, क्योंकि इससे राज्य में महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार उजागर हो सकते हैं।

### 'डबल इंजन सरकार' का वादा

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल में विकास को गति मिलेगी। उन्होंने मछली उत्पादन बढ़ाने और 'नीली क्रांति' को विस्तार देने का वादा करते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्यों में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### आरक्षण और वोट बैंक की राजनीति पर आरोप

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण दे रही है और ओबीसी वर्ग के अधिकारों का हनन कर रही है।

उन्होंने अंत में कहा कि "भाजपा सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करेगी, लेकिन भ्रष्टाचार और अत्याचार करने वालों का पूरा हिसाब भी लिया जाएगा।" (इनपुटः आईएएनएस)

## अमेरिका से डील की चर्चा के बीच भारत का अलग दांव, ईरानी तेल भुगतान में युआन का इस्तेमाल

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): एक ओर अमेरिका के साथ रणनीतिक और आर्थिक समझौतों की चर्चा चल रही है, वहीं दूसरी ओर भारत ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में अपना अलग खेल दिखाते हुए ईरान से तेल खरीद के भुगतान के लिए चीनी युआन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय रिफाइनर यह भुगतान आईसीआईसीआई बैंक की शंघाई शाखा के जरिए कर रहे हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण डॉलर में लेनदेन करना कठिन बना हुआ है।

### अमेरिकी छूट के तहत खरीद

हाल ही में अमेरिका ने कुछ देशों को सीमित अवधि के लिए ईरान और रूस से तेल खरीदने की छूट दी है। इसी छूट के तहत भारत ने भी सीमित मात्रा में ईरानी तेल की खरीद की है।

## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2026 का शुभारंभ, श्रद्धालुओं में उमड़ा आस्था का सैलाब



देहरादून/ऋषिकेश, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को यमुनोत्री धाम और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, जिसके साथ ही बहुप्रतीक्षित चारधाम यात्रा 2026 का विधिवत शुभारंभ हो गया। मंदिरों को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

देवी गंगा की डोली उनके शीतकालीन निवास मुखबा गांव से और देवी यमुना की डोली खरसाली गांव से पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रवाना हुई। ढोल-दमाऊ और रणसिंघा की गूंज के बीच 'जय मां गंगे' के जयकारों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा और स्थानीय लोग इस पावन यात्रा में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालु-हितैषी बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान नियमों का पालन करने और पर्यावरण संरक्षण, विशेषकर प्लास्टिक मुक्त यात्रा में सहयोग करने की अपील की।

### आगे खुलेंगे केदारनाथ-बद्रीनाथ के कपाट

चारधाम यात्रा के तहत केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। अब तक करीब 18.9 लाख श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं, जिनमें केदारनाथ के लिए सर्वाधिक 6.5 लाख पंजीकरण हुए हैं।

### ऋषिकेश से रवाना हुआ पहला जत्था

शनिवार को मुख्यमंत्री धामी ने ऋषिकेश स्थित चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप से श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यात्रियों से संवाद कर उनकी सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की।

चारधाम यात्रा पारंपरिक रूप से हरिद्वार या ऋषिकेश से शुरू होकर यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ होते हुए बद्रीनाथ तक पहुंचती है। यह सनातन धर्म की सबसे पवित्र तीर्थयात्राओं में से एक है, जिसमें हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

(इनपुटः आईएएनएस)

## सोने में 'बबल' के संकेत? आरबीआई की चेतावनी से निवेशकों में हलचल



नई दिल्ली, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में सोने की कीमतों में तेज उछाल को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, हाल के महीनों में सोने के दाम जिस तेजी से बढ़े हैं, वे "बबल" जैसे संकेत दे रहे हैं, जिससे भविष्य में बड़ी गिरावट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 से सोने की कीमतों में लगातार तेज वृद्धि देखी जा रही है और बाजार अब एक उच्च उछाल वाले चरण में पहुंच चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति में मामूली झटका भी कीमतों में तेज गिरावट का कारण बन सकता है।

### क्यों बढ़ रहा है सोने का दाम?

विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई का दबाव, और सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर सोने की बढ़ती मांग ने कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचाया है। इसके अलावा, केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद भी कीमतों को समर्थन दे रही है।

### निवेशकों के लिए चेतावनी

आरबीआई ने निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा है कि केवल तेजी के आधार पर निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है। यदि बाजार में सुधार आता है, तो कीमतों में अचानक गिरावट देखने को मिल सकती है।

### क्या करें निवेशक?

विशेषज्ञों का सुझाव है कि निवेशक सोने में निवेश करते समय संतुलित रणनीति अपनाएं और पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें। दीर्घकालिक दृष्टिकोण और जोखिम प्रबंधन के साथ ही निवेश करना बेहतर रहेगा। सोने की मौजूदा स्थिति ने बाजार में नई बहस छेड़ दी है– क्या यह तेजी आगे भी जारी रहेगी या फिर आने वाले समय में निवेशकों को झटका लग सकता है। (समाचार स्रोतः रिपोर्ट आधारित)

## भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए औद्योगिक भूमि सुधार जरूरीः सीआईआई

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा है कि भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए उद्योगों को किफायती, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से औद्योगिक भूमि उपलब्ध कराना अनिवार्य है।




सीआईआई की रिपोर्ट "सीआईआई लैंड मिशनः फ्रेमवर्क टू रिफॉर्म इंडस्ट्रियल लैंड मैनेजमेंट इन इंडिया" में औद्योगिक भूमि प्रबंधन से जुड़ी संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करने के लिए विस्तृत रोडमैप पेश किया गया है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि मेक इन इंडिया, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारों, नवीकरणीय ऊर्जा और आधुनिक लॉजिस्टिक्स के जरिए भारत की मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की महत्वाकांक्षा तभी साकार हो सकती है, जब औद्योगिक भूमि निवेश के लिए तैयार, पूवार्नुमेय और पारदर्शी हो।

### जटिल प्रक्रियाएं बढ़ा रहीं लागत

रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न राज्यों में औद्योगिक भूमि से जुड़ी प्रक्रियाएं अभी भी खंडित और जटिल हैं। अस्पष्ट स्वामित्व, नियामकीय पेचीदगियां, कब्जे में देरी और आवंटित भूमि का कम उपयोग निवेशकों के लिए बड़ी बाधाएं बन रही हैं। इससे परियोजनाओं में देरी होती है और पूंजी की लागत बढ़ जाती है।

### राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक का प्रस्ताव

सीआईआई ने एक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए जीआईएस-आधारित राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक स्थापित करने की सिफारिश की है। यह प्लेटफॉर्म भूमि की उपलब्धता, जोनिंग, उपयोगिताओं, पर्यावरणीय बाधाओं और स्वामित्व से जुड़ी रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे निवेश निर्णय तेज और पारदर्शी हो सकेंगे।

### सिंगल विंडो सिस्टम पर जोर

रिपोर्ट में औद्योगिक भूमि आवेदनों के लिए एकीकृत डिजिटल सिंगल-विंडो सिस्टम लागू करने की भी वकालत की गई है, जिससे मंजूरी प्रक्रिया सरल और समयबद्ध बन सके।

## गाजियाबाद-बागपत कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार, हिंडन नदी पर बनेंगे 3 नए पुल



गाजियाबाद, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): गाजियाबाद और बागपत के बीच आवागमन अब पहले से कहीं ज्यादा आसान और तेज होने वाला है। शासन ने हिंडन नदी पर तीन नए पुलों के निर्माण को मंजूरी दे दी है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बड़ा boost मिलेगा।

इन पुलों का निर्माण मोदीनगर के मतौर, मुरादनगर के भदौली और लोनी के फरुखनगर में किया जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद करीब 20 से अधिक गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### नाव और जाम से मिलेगी राहत

अब तक इन क्षेत्रों के लोगों को नदी पार करने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता था या लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ता था, जिससे समय और जोखिम दोनों बढ़ते थे। नए पुल बनने से यह समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी और सफर मिनटों में सिमट जाएगा।

### सेतु निगम संभालेगा निर्माण

पुलों के निर्माण की जिम्मेदारी सेतु निगम को सौंपी गई है, जो जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करेगा। परियोजना के पूरा होने से स्थानीय व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी।

### विकास को मिलेगी नई गति

विशेषज्ञों के अनुसार, इन पुलों के बनने से न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। यह परियोजना गाजियाबाद और बागपत के बीच बेहतर संपर्क स्थापित कर विकास को नई दिशा देगी।

## आधी रात को बॉर्डर पर 'सूरज जैसा उजाला', खेत में मिला इल्यूमिनेशन राउंड, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

जम्मू/सांबा, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में उस समय हड़कंप मच गया, जब सीमावर्ती क्षेत्र के एक खेत में संदिग्ध गोला-बारूद बरामद हुआ। विलेज डिफेंस ग्रुप के सदस्यों को गश्त के दौरान यह सामग्री मिली, जिसकी पहचान 'इल्यूमिनेशन राउंड' के रूप में की गई है।

इस बरामदगी के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और पूरे इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### क्या होता है 'इल्यूमिनेशन राउंड'?

आम लोगों के लिए यह शब्द भले नया हो, लेकिन रक्षा क्षेत्र में यह बेहद अहम उपकरण माना जाता है। 'इल्यूमिनेशन राउंड' एक विशेष प्रकार का गोला-बारूद होता है, जिसका उपयोग रात के अंधेरे में दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जाता है।

सरल शब्दों में, यह एक "उड़ता हुआ प्रकाश स्रोत" होता है, जो फटने के बाद नुकसान नहीं पहुंचाता बल्कि तेज रोशनी फैलाता है।

### ऐसे करता है काम

जानकारी के अनुसार, इस राउंड को मोर्टार या आर्टिलरी गन से दागा जाता है। यह हवा में एक निश्चित ऊंचाई पर पहुंचकर फटता है, जिसके बाद इसके अंदर लगा पैराशूट खुल जाता है और फ्लेयर (तेज रोशनी देने वाला पदार्थ) धीरे-धीरे नीचे उतरते हुए पूरे क्षेत्र को दिन जैसी रोशनी से भर देता है।

### सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां हर एंगल से जांच कर रही हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह राउंड कैसे और कहां से आया। आसपास के गांवों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है, हालांकि प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

### जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 रुपये तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगीः एके शर्मा

*1) स्मार्ट मीटर पर बड़ा फैसलाः तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक स्मार्ट मीटर पर रोक*

*2) 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली से उपभोक्ताओं को किया जाएगा सूचित- मंत्री एके शर्मा*

*3) रविवार और अवकाश में नहीं कटेगा कनेक्शन, मानवीय दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश- मंत्री एके शर्मा*

**समाज जागरण**

लखनऊ, 19 अप्रैल। उत्तर प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन युद्धस्तर पर प्रयास कर रहा है। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 रुपये तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। ऊर्जा मंत्री ने लखनऊ स्थित शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये।

### 45 दिन तक बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा

ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी हाल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

### स्मार्ट मीटर की तकनीकी गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित

इसके अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। वहीं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं यूपी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्मार्ट मीटर की तकनीकी गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है। इसमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के प्रोफेसर अंकुश शर्मा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के ही प्रोफेसर प्रबोध बाजपेयी, इलेक्ट्रिकल रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन वडोदरा के अनुभाग प्रमुख तेजस मिस्त्री और यूपी पावर कारपोरेशन लि. के निदेशक (वितरण) जीडी द्विवेदी को शामिल किया गया है।

### रिपोर्ट आने तक पुराने मीटर बदलने की प्रक्रिया पर रोक

ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा में निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी।

उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा और डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा।

## भगवान परशुराम के योगदान पर विचार, "धर्म की स्थापना" बनाम "धर्म की सत्ता" को लेकर मतभेद

19 अप्रैल 2026: आदरणीय डॉ. मोहन यादव के एक कथन के संदर्भ में भगवान परशुराम जी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक योगदान को लेकर विभिन्न विचार सामने आए हैं।

इस विषय पर व्यक्त किए गए मत में कहा गया कि भगवान परशुराम जी ने धर्म की "सत्ता" की स्थापना नहीं की, बल्कि उन्होंने धर्म की स्थापना की। साथ ही यह भी कहा गया कि धर्म के माध्यम से सत्ता स्थापित करने की अवधारणा से इस दृष्टिकोण को अलग रखा जाना चाहिए। विचार व्यक्त करने वालों ने भगवान परशुराम जी को धर्म, न्याय और सत्य की रक्षा का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# परिसीमन के पेंच में फंसा आधी आबादी का हक

– महेन्द्र तिवारी




भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आधी आबादी की आकांक्षाओं को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 में पारित कानून को धरातल पर उतारने के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार करना था, परंतु नियति और राजनीतिक मतभेदों को कुछ और ही स्वीकार्य था। यह विधेयक मात्र एक विधायी दस्तावेज नहीं था, बल्कि यह 2029 के आम चुनावों से पूर्व देश की राजनीतिक संरचना को पूरी तरह बदलने वाला एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा था। इस विधेयक के माध्यम से सरकार ने लोकसभा की सीटों की संख्या को वर्तमान 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा था, जो सीधे तौर पर परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था।

संसद के इस विशेष सत्र की पृष्ठभूमि अत्यंत नाटकीय रही। सरकार का तर्क था कि महिला आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सीटों में वृद्धि अनिवार्य है ताकि किसी भी वर्तमान प्रतिनिधित्व को क्षति पहुँचाए बिना महिलाओं को 33 प्रतिशत स्थान सुनिश्चित किया जा सके। इस रणनीति के पीछे तर्क यह था कि जब सीटों की कुल संख्या बढ़कर 850 हो जाएगी, तब महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का आंकड़ा स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा और पुरुषों के प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में भी भारी कटौती की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सत्ता पक्ष ने इसे एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम बताते हुए प्रचारित किया कि यह नारी शक्ति के वास्तविक वंदन का समय है। प्रधानमंत्री ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उनकी सरकार महिलाओं को उनका उचित अधिकार दिलाने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर इस पवित्र कार्य में सहयोग की अपील की थी। प्रधानमंत्री के उस पत्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव था, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि विपक्षी दल इस विधेयक का समर्थन करते हैं, तो सरकार उन्हें इस सफलता का पूरा श्रेय देने के लिए एक कोरे धनादेश जैसा अधिकार देने को तैयार है। उनका आशय स्पष्ट था कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इस सामाजिक सुधार को देखना चाहते थे।

परंतु विपक्षी खेमे में इस विधेयक को लेकर भारी संशय और विरोध की स्थिति बनी हुई थी। कांग्रेस, समाजवादी दल और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के गठबंधन ने सरकार की नीयत पर गंभीर प्रश्न उठाए। विपक्ष का सबसे प्रबल विरोध परिसीमन के आधार को लेकर था। सरकार ने इस संशोधन में सीटों के निर्धारण के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने का प्रस्ताव रखा था। विपक्षी नेताओं का तर्क था कि वर्ष 2026 में 2011 की जनगणना के आधार पर भविष्य की राजनीति तय करना न केवल अतार्किक है, बल्कि यह उन राज्यों के साथ अन्याय है जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में सफलता प्राप्त की है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में अपने संबोधन के दौरान अत्यंत तल्ख लहजे में कहा कि सरकार की मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की कम और चुनावी लाभ लेने की अधिक प्रतीत होती है। उन्होंने इसे एक छलावा करार देते हुए मांग की कि जब तक नई जाति आधारित जनगणना नहीं हो जाती और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए इस 33 प्रतिशत के भीतर अलग से कोटा निर्धारित नहीं किया जाता, तब तक यह विधेयक सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा।

विपक्ष की इस मांग ने सदन के भीतर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए तो आरक्षण का प्रावधान पहले से ही प्रस्तावित था, परंतु अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग श्रेणी की मांग ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया। उत्तर भारत के प्रमुख क्षेत्रीय दलों ने इस मुद्दे पर लामबंदी तेज कर दी और यह स्पष्ट कर दिया कि बिना जातिगत डेटा के परिसीमन करना अंधेरे में तीर चलाने जैसा होगा। अमित शाह ने सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष के इन तर्कों को विकास की राह में रोड़ा अटकाने वाला बताया। उन्होंने सदन में जोर देकर कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किसी भी प्रकार की देरी नहीं चाहती और परिसीमन ही वह एकमात्र वैधानिक मार्ग है जिसके माध्यम से सीटों का न्यायोचित वितरण संभव है। उन्होंने विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा यदि उन्होंने इस अवसर को केवल राजनीतिक द्वेष के कारण गंवा दिया।

घटनाक्रम अपनी चरम सीमा पर तब पहुँचा जब 16 अप्रैल को इस विधेयक पर मतदान की घोषणा हुई। संसद के गलियारों में तनाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता था। उस दिन कुल 528 सांसद सदन में उपस्थित थे। नियम के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का कम से कम दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। जब मतों की गणना हुई, तो परिणाम सरकार के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने मतदान किया। गणितीय दृष्टि से देखें तो दो-तिहाई बहुमत के लिए सरकार को कम से कम 352 मतों की आवश्यकता थी। इस प्रकार, मात्र 54 मतों के अंतर से यह ऐतिहासिक विधेयक गिर गया। यह भारतीय संसदीय इतिहास की एक विरल घटना थी क्योंकि 1990 के दशक के बाद यह पहला अवसर था जब कोई संविधान संशोधन विधेयक सदन में आवश्यक बहुमत न मिल पाने के कारण असफल हुआ हो।

इस असफलता ने देश की राजनीतिक दिशा को एक नया मोड़ दे दिया। मतदान के तुरंत बाद सदन के भीतर और बाहर आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया। विपक्षी नेताओं ने इसे अपनी नैतिक विजय बताया और कहा कि सरकार को अब यह समझ लेना चाहिए कि वे बिना आम सहमति के देश की लोकतांत्रिक संरचना के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकते। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष ने इस हार को जनता की अदालत में ले जाने का निर्णय लिया। सरकार के प्रवक्ताओं ने इसे महिलाओं के अधिकारों पर विपक्ष का प्रहार बताया। उन्होंने जनता के बीच यह संदेश प्रसारित करना शुरू किया कि कैसे एक प्रगतिशील कानून को केवल संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए बलि चढ़ा दिया गया। विशेष रूप से 850 सीटों वाली नई संसद की परिकल्पना पर जो ग्रहण लगा, उसने भविष्य के चुनावों के लिए एक नया विमर्श तैयार कर दिया।

इस पूरे विवाद में परिसीमन की तकनीकी जटिलताएं सबसे बड़ी बाधा बनकर उभरीं। 543 से 850 सीटों की छलांग कोई सामान्य प्रशासनिक बदलाव नहीं था। इसके लिए राज्यों के बीच सीटों के पुनर्वितरण की आवश्यकता थी, जिससे दक्षिण भारतीय राज्यों में असंतोष की लहर उठने की संभावना थी। विपक्ष ने इसी बिंदु को अपनी ढाल बनाया और इसे क्षेत्रीय असंतुलन का मुद्दा बना दिया। उनका तर्क था कि यदि 2011 की जनगणना को ही आधार माना गया, तो उत्तर भारत के राज्यों की सीटें अत्यधिक बढ़ जाएंगी और दक्षिण भारत का राजनीतिक प्रभाव कम हो जाएगा। इस क्षेत्रीय अस्मिता और जातिगत आरक्षण के दोहरे पेच ने महिला आरक्षण जैसे सर्वमान्य मुद्दे को भी विवादित बना दिया।

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी इसकी गूंज शांत नहीं हुई। समाज के विभिन्न वर्गों में इस पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। महिला संगठनों ने जहाँ इस विधेयक के गिरने पर दुख व्यक्त किया, वहीं कुछ विशेषज्ञों ने इसे संवैधानिक शुचिता की जीत बताया। उनका मानना था कि बिना व्यापक विचार-विमर्श और पारदर्शी जनगणना के सीटों की संख्या में इतना बड़ा बदलाव करना भविष्य में संवैधानिक संकट उत्पन्न कर सकता था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस परिणाम पर अपनी संक्षिप्त लेकिन गंभीर प्रतिक्रिया में कहा कि उनकी सरकार हार मानने वालों में से नहीं है और वे महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए भविष्य में और अधिक दृढ़ता के साथ प्रयास करेंगे।

निष्कर्षतः 131वें संशोधन विधेयक की यह विफलता मात्र एक विधायी प्रक्रिया का थम जाना नहीं है अपितु यह उन गहन सामाजिक और क्षेत्रीय विषमताओं का प्रतिबिंब है जो हमारी राजनीति की आधारशिला रही हैं। क्या यह वास्तव में विपक्षी दलों की एकजुटता का ठोस परिणाम था अथवा शासन के रणनीतिक आकलन में कोई बड़ी चूक रह गई थी? इन जिज्ञासाओं के समाधान तो भविष्य की गर्त में छिपे हैं परंतु वर्तमान का यथार्थ यही है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पूर्ण क्रियान्वयन अब एक अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया है। यह संपूर्ण घटनाक्रम इस सत्य को रेखांकित करता है कि लोकतंत्र में केवल संख्या बल ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि संविधान की मयार्दा और सामाजिक न्याय की मांगें उससे कहीं अधिक ऊँचा स्थान रखती हैं। 16 अप्रैल की उस संध्या जब सदन की कार्यवाही समाप्त हुई तो वह अपने पीछे ऐसे अनेक अनुत्तरित प्रश्न छोड़ गई जिनका उत्तर हम सभी को आने वाले समय में खोजना होगा।

## युद्ध के बारूद से बढ़ता पर्यावरण का तापमान। वैश्विक जल संकट की आशंका।

पश्चिम एशिया के आकाश में बारूद के बादल और जलते तेल-



कुओं से उठता धुआँ केवल युद्ध का दृश्य नहीं रचता, बल्कि वह पृथ्वी के तापमान, वायुमंडलीय संतुलन और जल चक्र को भी गहराई से प्रभावित करता है। आज जब दुनिया पहले ही ग्लोबल वार्मिंग के संकट से जूझ रही है, तब युद्ध और सैन्य टकराव इस संकट को कई गुना बढ़ा रहे हैं। यह स्थिति केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं, बल्कि आने वाले समय में एक गंभीर जल संकट की चेतावनी भी है।

पश्चिम एशिया जहाँ मध्य पूर्व के देश जैसे इराक, ईरान, सऊदी अरब और इजराइल स्थित हैं पहले ही जल संसाधनों के मामले में संवेदनशील क्षेत्र रहा है। यहाँ की भौगोलिक बनावट शुष्क है, वर्षा सीमित है और भूजल पर निर्भरता अधिक है। ऐसे में जब युद्ध होते हैं, तो केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि जल स्रोत भी प्रभावित होते हैं। बमबारी से नदियाँ और जलाशय प्रदूषित होते हैं, तेल के रिसाव से समुद्री जल दूषित होता है और धुएँ के कारण वायुमंडल में कार्बन की मात्रा बढ़ जाती है।

यह बढ़ता हुआ कार्बन उत्सर्जन सीधे-सीधे पृथ्वी के तापमान को बढ़ाता है, जिससे जल चक्र असंतुलित हो जाता है। कहीं अत्यधिक वर्षा होती है तो कहीं सूखा पड़ता है। इस असंतुलन का सबसे बड़ा प्रभाव जल संसाधनों पर पड़ता है। (संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भी यह चेतावनी दी गई है कि यदि युद्ध और पर्यावरणीय विनाश इसी तरह जारी रहे, तो आने वाले दशकों में जल संकट वैश्विक संघर्ष का प्रमुख कारण बन सकता है)

भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक है। भारत में पहले ही भूजल दोहन तेजी से हो रहा है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश के कई बड़े शहरों में भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है। यदि वैश्विक तापमान इसी तरह बढ़ता रहा, तो भारत में मानसून का पैटर्न और अधिक अनिश्चित हो जाएगा।

भारत का लगभग 60% कृषि कार्य वर्षा पर निर्भर है। यदि वर्षा समय पर नहीं होती या अत्यधिक होती है, तो फसलें नष्ट होती हैं और जल संकट गहराता है। इसके साथ ही, हिमालय के ग्लेशियर जो गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों के स्रोत तेजी से पिघल रहे हैं। यह स्थिति हिमनद पिघलने का संकेत है, जो प्रारंभ में बाढ़ और बाद में स्थायी जल संकट का कारण बन सकता है। युद्ध का एक और अप्रत्यक्ष प्रभाव यह है कि इससे वैश्विक सहयोग कमजोर होता है। जब देश आपसी संघर्ष में उलझे रहते हैं, तब वे जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम नहीं कर पाते। उदाहरण के लिए, पेरिस समझौते जैसे प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब विश्व के देश आपसी सहयोग और आपस में बातचीत बनाए रखें। लेकिन युद्ध की स्थिति में यह सहयोग आपसी सामंजस्य के अभाव के कारण पीछे छूट जाता है।

भारत के संदर्भ में जल संकट केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं,बल्कि बड़ी सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल की कमी से पलायन बढ़ सकता है, जिससे शहरी क्षेत्रों पर दबाव बढ़ेगा। इसके अलावा, जल संसाधनों को लेकर राज्यों के बीच विवाद भी बढ़ सकते हैं।

इस संकट से निपटने के लिए भारत को बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले, जल संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी जैसे वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल के पुनर्चक्रण की व्यवस्था। इसके साथ ही, किसानों को जल-संरक्षण आधारित खेती की ओर प्रोत्साहित करना होगा।साथ ही, भारत को वैश्विक स्तर पर भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज महत्वपूर्ण है। यदि भारत जैसे देश शांति और सहयोग की पहल करें, तो यह वैश्विक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

, यह भी समझना अत्यंत आवश्यक होगा कि युद्ध केवल सीमाओं को नहीं जलाता, बल्कि वह भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल जैसे मूलभूत संसाधन को भी खतरे में डाल सकता है । पश्चिम एशिया के आकाश में उठते बारूद के बादल हमें यह चेतावनी दे रहे हैं कि यदि हमने समय रहते शांति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम नहीं उठाए, तो आने वाला समय जल के लिए संघर्ष का समय हो सकता है।

पूरा घटनाक्रम हमें केवल चिंता में नहीं डालता, बल्कि यह एक आह्वान भी है शांति का, सहयोग का और प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करने का। क्योंकि जल ही जीवन है, और यदि जल संकट गहराया, तो मानव सभ्यता की नींव ही डगमगा सकती है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार,रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## व्यंग्य: "महिला बिल पर बवाल क्यों?"

संसद में जैसे ही महिला आरक्षण बिल की चर्चा शुरू होती है, राजनीति के गलियारों में अचानक से "लोकतंत्र की नींद" टूट जाती है। कोई इसे ऐतिहासिक कदम कहता है, तो कोई इसे "समय देखकर लागू होने वाला भविष्य का सपना" बता देता है।

अब असली सवाल यह नहीं है कि बिल क्या है, बल्कि यह है कि– "इस पर बवाल क्यों है?"

कहीं बवाल इसलिए है कि महिलाओं को 33% नहीं, 100% समझदारी की जरूरत है?

तो कहीं इसलिए कि कुछ लोगों को लगता है–अगर महिलाएं संसद में बढ़ गईं, तो "पुराने बहाने" खुद-ब-खुद अल्पसंख्यक हो जाएंगे। किसी को डर है कि अगर यह बिल लागू हो गया, तो हर बहस में "तारीख, इतिहास और आंकड़ों" के साथ-साथ "घर के हिसाब-किताब" भी पूछे जाएंगे।

और कुछ लोग तो इतने चिंतित हैं कि सोच रहे हैं–अगर महिलाएं ज्यादा आ गईं तो "डिबेट टाइम" में चाय कौन पीएगा?

(आलेख)

## गर्मी की मार, गिरता जनस्वास्थ्य: आखिर कब जागेगी नीति-व्यवस्था?

### छाया भी लूट ली गई: देश चलाने वाले हाथ अब जल रहे हैं

तपता भारत, टूटता स्वास्थ्य: क्या स्वास्थ्य आपातकाल की जरूरत नहीं?



तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है। आसमान की तीखी तपिश एक अदृश्य आपदा बन चुकी है, जिसने भारत में जीवन के संतुलन को डगमगा दिया है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में गर्मी अब सहनशीलता की सीमा नहीं, बल्कि सीधे स्वास्थ्य पर प्रहार करने वाली ताकत बन गई है। बढ़ती हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता साफ दिखाती है कि यह अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी और गहराता संकट है। ऐसे में इसे केवल पर्यावरण का मुद्दा मानना भूल होगी; इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार करना अब न केवल आवश्यक, बल्कि अपरिहार्य हो गया है।

इस उभरते संकट की सबसे निर्मम मार उसी विशाल अनौपचारिक श्रमबल पर पड़ रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है, फिर भी नीतिगत प्राथमिकताओं में हाशिये पर रहता है। भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के करीब 12.8 करोड़ कार्यकर्ता–निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों की तपिश, बाजारों की भीड़ और डिलीवरी के चक्र में जुटे मजदूर–खुले आसमान के नीचे बिना सुरक्षा के काम करने को विवश हैं। उन्हें न पर्याप्त छाया मिलती है, न स्वच्छ व ठंडे पानी की नियमित उपलब्धता, और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसेमंद तंत्र। यह विडंबना है कि जो हाथ देश की प्रगति को गति देते हैं, वही जलवायु संकट के सामने सबसे अधिक असहाय और असुरक्षित हैं।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभाव अब गहरे, व्यापक और चिंताजनक रूप ले चुके हैं। ऊंचा तापमान हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों के खतरे को बढ़ा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं में समय से पहले प्रसव का जोखिम 15-16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट, गुर्दे की खराबी और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बनते जा रहे हैं। जो आंकड़े सामने आते हैं, वे इस संकट की केवल ऊपरी परत दिखाते हैं; असल तस्वीर कहीं अधिक भयावह है, जहां अनगिनत पीड़ाएं और मामले बिना दर्ज हुए चुपचाप दब जाते हैं।

गर्मी का प्रभाव अब केवल शरीर की सहनशक्ति तक सीमित नहीं रहा; यह बीमारियों की प्रकृति, उनकी गति और उनके फैलाव की दिशा तक को बदल रहा है। तापमान में निरंतर वृद्धि और वर्षा के अस्थिर पैटर्न ने मच्छरों के जीवनचक्र को इस तरह परिवर्तित किया है कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से नए भूभागों, यहां तक कि हिमालयी क्षेत्रों में भी पैर पसार रही हैं। जो संक्रमण कभी सीमित भौगोलिक दायरों में बंधे थे, वे अब उन क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं जहां पहले उनका नामोनिशान तक नहीं था। इस बदलाव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर असामान्य दबाव डाल दिया है, जबकि पहले से ही वंचित और कमजोर समुदाय और अधिक खतरे में आ गए हैं।

आर्थिक मोर्चे पर भी यह संकट अदृश्य चोट की तरह गहरा असर डाल रहा है। लैंसेट काउंटडाउन 2025 के अनुसार 2024 में गर्मी ने भारत से करीब 247 बिलियन श्रम घंटे छीन लिए, जिससे लगभग 194 बिलियन डॉलर की आय हानि हुई। 2030 तक गर्मी से 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियां प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ती गर्मी ने श्रम उत्पादकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि काम की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे मजदूरों की कमाई घट रही है और देश की आर्थिक प्रगति भी बाधित हो रही है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है, जहां बीमारी के दौरान विश्राम या आय-सुरक्षा जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती, इसलिए वे मजबूरी में काम जारी रखते हैं और अपनी सेहत को और गहरे संकट में धकेलते जाते हैं।

इसके बावजूद, नीति स्तर पर यह संकट अब भी अपेक्षित प्राथमिकता हासिल नहीं कर पाया है। हीटवेव को अभी राष्ट्रीय आपदा का दर्जा नहीं मिला है, जिसके कारण राहत, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था सीमित और धीमी बनी हुई है। नतीजतन, सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही सबसे कम संरक्षित रह जाता है। यदि जलवायु परिवर्तन को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, तो संसाधनों का अधिक प्रभावी और त्वरित आवंटन संभव होगा, निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन मजबूत होगा। यह कदम औपचारिकता नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है।

समाधान के स्तर पर अब आधे-अधूरे उपायों से आगे बढ़कर ठोस और व्यापक कार्रवाई की जरूरत है। अनौपचारिक मजदूरों के लिए हीट-सेफ्टी कानून लागू करना, हर कार्यस्थल पर छाया और स्वच्छ पानी की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करना, तथा काम के घंटों को तापमान के अनुसार वैज्ञानिक ढंग से पुनर्निर्धारित करना बेहद जरूरी है। शहरी इलाकों में हरित क्षेत्र बढ़ाना, सुलभ कूलिंग सेंटर विकसित करना और जलवायु-लचीला स्वास्थ्य ढांचा तैयार करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। साथ ही, जागरूकता अभियानों को मजदूरों की भाषा, परिस्थितियों और जरूरतों के अनुरूप ढालना अनिवार्य है, ताकि ये उपाय वास्तव में प्रभावी बन सकें।

अब निर्णय की घड़ी आ चुकी है–यह मानने की कि जलवायु परिवर्तन कोई दूर का खतरा नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान का सख्त और तेजी से विकराल होता सच है। इसकी तपिश अब केवल मौसम तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका के हर पहलू को झुलसा रही है। यदि इसे समय रहते सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार कर ठोस और साहसिक कदम नहीं उठाए गए, तो इसके परिणाम और अधिक भयावह और व्यापक होंगे। यह लड़ाई केवल पर्यावरण बचाने की नहीं, बल्कि मानव जीवन, सामाजिक न्याय और आर्थिक स्थिरता को सुरक्षित रखने की है–और अब इस सवाल को टालना, दरअसल, भविष्य को खतरे में डालना होगा।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

**शिक्षाविद्**
**बड़वानी (मप्र)**

## कविता – भीड़ में भी तनहा...!

भीड़ में बैठे 'हम' सभी, फिर भी तनहा-से,
हाथों में दुनिया, लेकिन रिश्ते हैं अधूरे-से।
स्क्रीन की चमक में है खोई हर एक नजर,
यहाँ पास होकर भी दूर हैं दिल के सफर।

कभी बातें थीं-हँसी, किस्सों की महफि ल,
अब इमोजी में सिमट गया हर एक दिल।
क्लिकों में बंधी है खुशियाँ, स्वाइप में दर्द,
डिजिटल जग में खोया अपनापन अदद।

डोपामाइन की दौड़ में भागता हर इंसान,
क्षणिक सुख के पीछे भूल गया पहचान।
शांत सुकून जो मिलता था बातों के संग,
अब वही सुकून ढूंढे यह थका हुआ अंग।

ना ही तकनीक दोषी, ना ही ये समय बुरा,
बस संतुलन का रास्ता हो गया है धुंधला।
कभी रख दो फोन, देखो अपनों की ओर,
वहीं मिलेगा इस जीवन का असली शोर।

आओं चलो फिर मिलकर बैठें, बातें करें,
स्क्रीन से बाहर भी कुछ नवद रिश्ते गढ़ें।
भीड़ में ना खोए रहे ये ह्यसामूहिक एकांतह्न,
दिल से दिल जुड़े, करें शुरूआत सुखान्त।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 9 मई को गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, विभिन्न मामलों का होगा निस्तारण

गौतमबुद्धनगर, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशों एवं जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के मार्गदर्शन में आगामी 09 मई 2026 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर की सचिव शिवानी त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन जनपद मुख्यालय के साथ-साथ तहसील न्यायालयों में भी किया जाएगा।

**इन मामलों का होगा निस्तारण**

राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, बिजली-पानी से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधी मामले तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा, ऐसे अन्य विवाद भी लोक अदालत में सुने जाएंगे, जिनका समाधान आपसी सुलह-समझौते के आधार पर संभव है और जिनमें दोनों पक्ष समझौते के लिए तैयार हों।

**सुलह के जरिए त्वरित न्याय**

अधिकारियों के अनुसार, लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित, सस्ता और सरल न्याय उपलब्ध कराना है। इससे लंबित मामलों का निपटारा तेजी से हो सकेगा और न्यायालयों पर भार भी कम होगा।

जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत कर इस सुविधा का लाभ उठाएं। (सौजन्य: सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# ग्रामोद्योग रोजगार योजना: 15 मई तक करें आवेदन, ग्रामीण युवाओं को मिलेगा 10 लाख तक ऋण

गौतमबुद्धनगर, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बैंकों के माध्यम से अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

**ब्याज में विशेष छूट**

योजना के तहत सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को पूंजीगत ऋण पर 4 प्रतिशत से अधिक ब्याज (अधिकतम 13 प्रतिशत तक) पर 5 वर्षों तक ब्याज उपादान दिया जाएगा। वहीं, आरक्षित वर्ग और महिला उद्यमियों को पूंजीगत ऋण पर पूरी ब्याज राशि (अधिकतम 13 प्रतिशत तक) 5 वर्षों तक उपादान के रूप में प्रदान की जाएगी।

**केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य**

अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर KVIB एजेंसी का चयन करते हुए आवेदन कर सकते हैं, जहां योजना से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध है।

**संपर्क कर लें जानकारी**

अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विकास भवन, सूरजपुर स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय (कक्ष संख्या 206 एवं 207) में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा दूरभाष नंबर 9580503196 एवं 9599355293 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रशासन ने जनपद के युवाओं से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दें।

(सौजन्य: सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्ति गिरफ्तार, धारा 170 बीएनएसएस में कार्रवाई

गौतमबुद्धनगर, 19 अप्रैल 2026(समाज जागरण): थाना जारचा थाना पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं संभावित संज्ञेय अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दो अलग-अलग मामलों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।




ग्राम पटाड़ी निवासी आनंद पुत्र निरंजन सिंह (उम्र लगभग 49 वर्ष) अपने ही गांव की कंछीदा नामक महिला के साथ किसी बात को लेकर विवाद और झगड़े की स्थिति में था। पुलिस टीम द्वारा मौके पर समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन अभियुक्त के उत्तेजित होकर फसाद पर आमादा रहने से शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न हो गई।
अतः उसे संज्ञेय अपराध को रोकने के उद्देश्य से कारण गिरफ्तारी बताते हुए धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत समय लगभग 14:15 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया।

ग्राम कलौन्दा निवासी इन्द्रजीत पुत्र रामभूल सिंह (उम्र लगभग 22 वर्ष) का अपनी बुआ सीमा पत्नी पंकज, निवासी उस्मानपुर (थाना खुर्जा, जनपद बुलंदशहर) के साथ पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा था।

पुलिस द्वारा समझाने के बावजूद अभियुक्त शांत नहीं हुआ और झगड़े पर आमादा रहा, जिससे शांति भंग की आशंका उत्पन्न हुई। इस पर उसे कारण गिरफ्तारी बताते हुए धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत समय लगभग 13:10 बजे हिरासत में लिया गया।
घटना के दौरान सीमा पत्नी पंकज ने किसी प्रकार का विरोध नहीं किया और स्थिति को शांत बनाए रखा।

**आगे की कार्रवाई**

दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# नोएडा जिला अस्पताल में 'विश्व लिवर दिवस-2026' का आयोजन, मरीजों को दी गई जागरूकता

नोएडा, 19 अप्रैल (समाज जागरण /संदीप गर्ग): राजकीय जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर-39 नोएडा में रविवार को 'विश्व लिवर दिवस-2026' के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा ने की।
कार्यक्रम में अस्पताल के सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान ओपीडी में आए मरीजों एवं उनके तीमारदारों को लिवर से संबंधित बीमारियों की रोकथाम, कारणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।




**हेपेटाइटिस-बी पर विशेष जागरूकता**

डॉक्टरों द्वारा लोगों को विशेष रूप से हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया गया।

**स्वस्थ जीवनशैली पर जोर**

विशेषज्ञों ने बताया कि संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से लिवर संबंधी गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।
अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य आम जनता में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर उपचार सुनिश्चित करना है।

## शोक समाचार

# श्रीमती सुदीप्ता मोहंती का निधन, परिवार में शोक की लहर

गहन दुःख और शोक के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुदीप्ता मोहंती का दिनांक 18 अप्रैल 2026 को निधन हो गया।



वे एक स्नेहमयी पत्नी और मातृस्वरूप थीं, जिन्हें उनके सौम्य स्वभाव, दयालुता और सरल व्यक्तित्व के लिए सदैव याद किया जाएगा। उनके निधन से परिवार एवं परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है।
वे अपने पीछे पति श्री मनोरंजन मोहंती, पुत्री अरनी मोहंती सहित अन्य परिजनों को छोड़ गई हैं।
परिवारजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें।

**भावभीनी श्रद्धांजलि।**

# बाबा साहेब की जयंती पर "जश्न-ए-भीमोत्सव" का भव्य आयोजन, सामाजिक समरसता का संदेश

गौतमबुद्धनगर, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नोएडा स्थित पुस्तकालय एवं दलित उत्थान सेवा समिति द्वारा "जश्न-ए-भीमोत्सव" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि नोएडा विधायक पंकज सिंह ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।
कार्यक्रम के दौरान मंत्री असीम अरुण ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की




प्रेरणा देता है। उन्होंने शिक्षा को समाज को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।
वहीं विधायक पंकज सिंह ने कहा कि "भीमोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और संगठित करने का एक सशक्त माध्यम है ह्व उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।
इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति, विशेषकर मातृशक्ति की भागीदारी, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। आयोजन ने सामाजिक एकता, जागरूकता और समर्पण का प्रेरणादायक संदेश दिया।
अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।
(सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# अड़ंगा लगाना जैसे विपक्ष का मूल व्यवहार

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस भारत का सपना देखा है और जिस पर वे लगातार काम कर रहे हैं, उसमे अड़ंगा लगाना जैसे विपक्ष का मूल व्यवहार बन गया है। समाजवादी पार्टी मुख्यमंत्री योगी की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं से वैसे ही घबराई हुई है और ऐसे में अगर महिलाओं को आरक्षण मिलता है तो प्रधानमंत्री ने जिस सशक्त भारत का सपना देखा है, वह पूरा होता। इसे विपक्ष और अखिलेश यादव पूरा होते देखना नहीं चाहते।

**रजनी तिवारी, मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार**

एक महिला के सशक्त होने से सिर्फ परिवार ही सशक्त नहीं होता बल्कि समाज सशक्त होता है, उसका चौमुखी विकास होता है। देश की संसद में महिलाओं का योगदान बढ़ेगा तो देश के विकास को अतुलनीय रफ्तार मिलेगी, ये भला अखिलेश यादव और विपक्ष को कैसे स्वीकार होगा? फिर इनके परिवार-वाद का क्या होगा? इसीलिए ये लोग विरोध कर रहे हैं।

**अदिति सिंह, विधायक, भाजपा**

# मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए दिव्यांगजन कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन, 80% से अधिक दिव्यांगता पर मिलेगा लाभ

गौतमबुद्धनगर, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश, गौतमबुद्धनगर ने जनपद के समस्त पात्र दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि वे मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन, जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत या उससे अधिक है और जिन्हें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की आवश्यकता है, वे आधिकारिक वेबसाइट https://hwd.uphq.in पर आवेदन कर सकते हैं।
आवेदन के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 1,80,000 रुपये तक), पहचान पत्र (आधार/वोटर आईडी/हाईस्कूल प्रमाण पत्र), जन्मतिथि प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य होंगे।
प्रख्यापित निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराए जाने की नियमावली 2020 के तहत अधिकतम 25,000 रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। यदि ट्राईसाइकिल की कीमत इससे अधिक होती है, तो अतिरिक्त राशि लाभार्थी को स्वयं वहन करनी होगी। अधिकारियों के अनुसार, शेष राशि की भरपाई विधायक निधि, सांसद निधि, सीएसआर या अन्य वित्त पोषण माध्यमों से भी की जा सकती है। भुगतान सीधे आपूर्तिकर्ता फर्म को किया जाएगा। प्रशासन ने पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन कर इस सुविधा का लाभ उठाएं, जिससे उनकी गतिशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# गौतमबुद्धनगर में "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" का भव्य आयोजन, शिवालयों में गूंजे भक्ति-स्वर

गौतमबुद्धनगर, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" का जनपद गौतमबुद्धनगर में भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन किया गया।



जनपद के समस्त विकास खंडों एवं तहसीलों के अंतर्गत स्थित शिवालयों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन और दीपोत्सव प्रमुख आकर्षण रहे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

**सांस्कृतिक विरासत और स्वाभिमान का संदेश**

कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान शिव की आराधना के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। विभिन्न स्थानों पर हुए प्रवचनों में सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व और उसके पुनरुत्थान की गौरवगाथा पर प्रकाश डाला गया।

**यात्रा को मिली हरी झंडी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में गौतमबुद्धनगर से भी विकास भवन परिसर से यात्रा में शामिल होने हेतु श्रद्धालुओं को रवाना किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी के नेतृत्व और जिला विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में खंड विकास अधिकारी दादरी ने 10 श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया, जहां से वे आगे गुजरात के सोमनाथ के लिए प्रस्थान करेंगे।

**उत्साह और श्रद्धा का वातावरण**

पूरे जनपद में कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न हुए, जिससे जनमानस में विशेष उत्साह और धार्मिक श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

"सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" ने सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।
(सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चार दिवसीय दौरा, संगठन विस्तार और चुनावी तैयारियों पर मंथन

लखनऊ/उत्तर प्रदेश, 19 अप्रैल (समाज जागरण ब्यूरो): सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरुजी ने पार्टी के प्रदेश संगठन महासचिव चौधरी जगपाल सिंह यादव के साथ चार दिवसीय दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश के कई जिलों में संगठनात्मक बैठकों और कार्यकताओं से संवाद किया।



इस दौरान उन्होंने निवर्तमान जिला अध्यक्षों से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के निर्देश दिए।

**कई जिलों में हुआ भव्य स्वागत**

अपने दौरे के दौरान पार्टी नेतृत्व अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बस्ती, सुल्तानपुर और अमेठी सहित कई जिलों में पहुंचा, जहां जिला अध्यक्षों एवं कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

**सुल्तानपुर में विधानसभा प्रभारी नियुक्त**

कार्यक्रम के दौरान सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष संजय यादव के प्रस्ताव पर जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई।
विधानसभा 187 (इसौली) - मोहम्मद रशीद अहमद खान
विधानसभा 188 -जगन्नाथ यादव उर्फ जेएन यादव
विधानसभा 189 (सदर जयसिंहपुर) - संजय यादव
विधानसभा 190 - वीरवंत कुमार
विधानसभा 191 (कादीपुर सुरक्षित) - प्रेमचंद त्यागी उर्फ पीसी त्यागी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

**चुनावी रणनीति पर जोर**

पार्टी नेतृत्व ने सभी प्रभारियों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही संकेत दिया गया कि भविष्य में यही प्रभारी पार्टी के संभावित विधानसभा उम्मीदवार होंगे।

पार्टी ने दावा किया कि यह दौरा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# नारी शक्ति वंदन संशोधन विधयेक गिराने वाले विपक्ष पर भड़कीं महिलाएं

## विपक्षी दलों पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाया

लखनऊ, 19 अप्रैल: संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधयेक गिरने के बाद उत्तर देश भर में विरोध देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश की महिलाएं भी इसे नारी विरोधी बता रहीं हैं। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से जुड़ा था, ऐसे में विपक्ष पर महिलाओं का हक मारने का आरोप लग रहा है।
विपक्षी दलों ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधयेक को पारित नहीं होने दिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश में राजनीति से लेकर तमाम क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने इसे विपक्ष की चुनावी हार की शुरूआत बताया। भाजपा महिला नेताओं का कहना है कि सपा-कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष केवल अपने घर की महिलाओं को ही लोकसभा और विधानसभा में देखना चाहता है। ये सभी परिवारवाद से ग्रस्त हैं और विपक्ष को आगामी चुनावों में आधी आबादी का हक छीनने का नुकसान उठाना पड़ेगा।
महिला नेताओं के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से विपक्ष घबराया हुआ है। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से आजादी मिली।
कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। आखिर अखिलेश यादव महिलाओं को संसद में क्यों नहीं देखना चाहते? क्या सिर्फ यादव परिवार की डिम्पल यादव को ही संसद में जाने का अधिकार है? क्या ये अधिकार देश और उत्तर प्रदेश की आम महिलाओं को नहीं मिलना चाहिए?
**बेबी रानी मौर्या, मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार**

# सदियों के आक्रमणों के बावजूद आज भी अडिग है सनातन आस्था: सीएम योगी

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित "सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश" का किया शुभारंभ*

*जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी इस अजर-अमर पथ का प्रतीक है: मुख्यमंत्री*

*हमलावर कभी भारत की आस्था को न तो तोड़ पाए और न ही झुका पाए: योगी*

*सरदार पटेल की दृढ़ संकल्प शक्ति के सामने नेहरू की भी नहीं चली: सीएम*

*एक ओर कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 लगा रही थी तो दूसरी ओर सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार का विरोध कर रही थी: योगी आदित्यनाथ*

*आज उत्तर प्रदेश में काशी की जीवंतता है, अयोध्या की मर्यादा है, मथुरा-वृंदावन की भक्ति है और प्रयागराज की समरसता है: मुख्यमंत्री*

लखनऊ, 19 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज "यतो धर्मस्ततो जयः" के भाव के साथ पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनरुत्थान का उल्लेख करते हुए स-रदार वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया और कहा कि आज वही सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करते हुए इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया।

**सनातन आस्था भी अजर-अमर पथ का प्रतीक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दृढ़ नेतृत्व में अपनी गौरवशाली विरासत के साथ-साथ आधुनिक विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि भारत के शास्त्रों की मान्यता के अनुसार जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी इस अजर-अमर पथ का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने देखा है कि भारत की सनातन संस्कृति पर सदियों से हमले होते रहे, लेकिन हमलावर भारत की आस्था को न तो तोड़ पाए और न ही झुका पाए। लगभग 1000 वर्ष पहले द्वादश ज्योतिर्लिंगों में देवाधिदेव महादेव के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ भगवान के मंदिर पर विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी के नेतृत्व में कायराना हमला किया गया। आक्रांताओं ने भारत की धन-संपदा लूटी, मंदिरों को अपवित्र किया और सनातन आस्था पर प्रहार किया। लेकिन भारत के सनातन धर्म की अटूट आस्था भगवा पताका के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी रही। आज 1000 वर्ष बाद जब हम देखते हैं तो भारत की सनातन आस्था पूरी दृढ़ता से विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है, जबकि आक्रांताओं का कोई नामोनिशान इस धरती पर नहीं बचा है। यही है "यतो धर्मस्ततो जयः" का शंखनाद। आक्रांताओं की बर्बरता जिसे रोक नहीं पाई, तोड़ नहीं पाई और झुका नहीं पाई, वही सनातन आस्था आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाई जा रही है।

**सरदार पटेल के प्रयासों से मंदिर का निर्माण पूरा हुआ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में हर भारतवासी की यह अभिलाषा थी कि देश को केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाधीनता भी प्राप्त हो। इसके लिए लगातार प्रयास किए गए और अनेक स्वर उठाए गए। भारत माता के सपूत, भारत की अखंडता के शिल्पी और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर की दुर्दशा देखकर संकल्प लिया था कि इस मंदिर का पूर्ण जीर्णोद्धार होगा और द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के मंदिर की गरिमामयी पुनर्स्थापना की जाएगी। लेकिन इस मार्ग में बाधक बने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू। उनकी इच्छा थी कि यह कार्य न हो, परंतु सरदार पटेल की दृढ़ संकल्प शक्ति के सामने नेहरू की नहीं चली। सरदार पटेल के प्रयासों से मंदिर का निर्माण पूरा हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को आगे बढ़ाने के लिए आयोजन समिति ने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी को आमंत्रित किया। तभी कांग्रेस सरकार और पंडित जवाहरलाल नेहरू फिर बाधक बन गए। उन्होंने लिखित रूप से कहा कि राष्ट्रपति को इस आयोजन में भाग नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह धर्मनिरपेक्षता की भावना के विपरीत होगा।

# घर में घुसे चोर, सिलेंडर-इन्वर्टर समेत हजारों का सामान ले उड़े

**दैनिक समाज जागरण**

संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर एक घर में घुसकर गैस सिलेंडर, इन्वर्टर और अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए।

ग्राम सैधंरी निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 की रात उसके मकान में अज्ञात चोर घुस आए। चोर घर में रखा एक बड़ा एचपी कंपनी का गैस सिलेंडर, एक छोटा सिलेंडर, इन्वर्टर, बैटरी तथा करीब 1500 एम्पियर का बड़ा इन्वर्टर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार, उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उसने थाना असमोली पहुंचकर घटना की सूचना दी।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जातिसूचक गालियां देकर युवक से मारपीट, भाई-भतीजे को भी पीटा

**दैनिक समाज जागरण**

संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र में जातिसूचक गालियां देने और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मनोटा निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह अपने घर पर लगी आटा चक्की पर काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही शेखर और सौरभ (पुत्र राकेश) वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया।

पीड़ित के अनुसार, मना करने पर आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। शोर सुनकर उसका भाई नन्हे सिंह और भतीजा कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटा और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे दोनों को चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पीड़ित ने असमोली थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर दी है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी एक माह बाद गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। एक महीना पहले युवती के पिता ने मंडावर थाने में अनुज पुत्र अशोक कुमार गांव देवलगढ़ निवासी के खिलाफ तहरीर दी थी की मेरी पुत्री को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जिससे उसने परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। और आरोपी की तलाश में जुट गई थी, वही शनिवार को मडावर पुलिस ने आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर उचित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है।

# जलालाबाद निवासी ट्रक ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर क्षेत्र के जलालाबाद निवासी ट्रक ड्राइवर अफसार की मुंबई-पलवल के बीच सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जलालाबाद के मोहल्ला कचहरी सराय निवासी महबूब का 28 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अफसार अपने परिवार के साथ मुंबई में रहकर ट्रक ड्राइवर का कार्य करता था। अफसार ट्रक लेकर मुंबई से पलवल जा रहा था। रास्ते में ट्रक का टायर पंक्चर हो गया जिसको सही कराने के लिए ट्रक को हाईवे किनारे खड़ा कर वह टायर बदलने लगा। तभी वहां से गुजर रही तेज रफ्तार मारुति कार ने अफसार को जोरदार टक्कर मारी दी, जिसमें अफसार की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने अफसार की मौत की सूचना परिजनों को दी। जिससे परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

# बाथरूम में पानी भरे टब में डूबने से मासूम की मौत, गांव में शोक

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। घर के बाथरूम में रखे पानी से भरे टब में डूबने से दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ा गांव के टेढ़िया मोहल्ला निवासी मजदूर सोनू रावत की सबसे छोटी बेटी दो वर्षीय तान्या रविवार सुबह करीब आठ बजे घर के बाथरूम में खेलते-खेलते पानी से भरे टब के पास पहुंच गई। उस समय घर के अन्य सदस्य बरामदे में बैठकर चाय पी रहे थे, जबकि बच्ची की मां रसोई में काम कर रही थी।जानकारी के मुताबिक बच्ची खेलते समय तान्या टब में रखे गिलास को धोने लगी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह मुंह के बल पानी से भरे टब में गिर गई और डूब गई। कुछ देर तक किसी को इस बात की जानकारी नहीं हो सकी।काफी समय बीतने के बाद जब बच्ची नजर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाथरूम में पहुंचने पर तान्या को टब में अचेत अवस्था में पाया गया। परिजन तत्काल उसे लेकर नगराम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक बच्ची के पिता सोनू रावत ने बताया कि उनके दो बेटियां हैं, जिनमें बड़ी बेटी तीन वर्षीय आन्या और छोटी दो वर्षीय तान्या थी। इस हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मां का विलाप सुनकर आसपास के लोग भी भावुक हो उठे।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि इतनी छोटी बच्ची की इस तरह असमय मौत से हर कोई स्तब्ध है।विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे बच्चों को पानी से भरे किसी भी बर्तन या टब के पास अकेला नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि थोड़ी सी असावधानी भी इस तरह के दर्दनाक हादसों को जन्म दे सकती है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**समाज जागरण**



शहर में श्री ब्राह्मण शक्ति संघ एवं श्री ब्राह्मण सभा के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ बड़ा महादेव मंदिर से ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भगवान परशुराम की आरती कर किया गया।

शोभायात्रा में भगवान महाकाल की आकर्षक झांकी के साथ भगवान परशुराम की मुख्य प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बड़ा महादेव से प्रारंभ होकर यह शोभायात्रा मोहल्ला गोपाल, बूढ़ी माता होते हुए कैथल गेट पहुंची, जहां पहले से मौजूद अन्य झांकियां भी इसमें शामिल हो गईं। इसके बाद कैथल गेट से विशाल शोभायात्रा आगे बढ़ी। शोभायात्रा में पंचमुखी हनुमान, भगवान महाकाल, भगवान परशुराम, राधा-कृष्ण, भगवान राम एवं भगवान बद्रीनाथ की सुंदर झांकियां शामिल रहीं। साथ ही सामाजिक समरसता का संदेश देती फरसा, तलवार और तराजू की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। डीजे और बैंड बाजों पर बजती भक्ति धुनों पर युवा उत्साहपूर्वक नृत्य करते नजर आए, वहीं भजन मंडलियों के कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुति देते रहे। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों– ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, पुरानी पैठ, बिसौली गेट, सुंदर मोहल्ला, मनिहार चौक होते हुए सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और मुख्य रथ की आरती उतारी।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री गुलाब देवी भी शामिल हुईं। श्रीदेवी गंगा मंदिर पर पंडित मनोज शर्मा द्वारा भगवान परशुराम के मुख्य रथ की विशेष आरती की गई। वहीं श्री ब्राह्मण सभा द्वारा बिसौली गेट स्थित ब्रह्मौतार मार्केट में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

शोभायात्रा के समापन पर श्री रघुनाथ आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। इस अवसर पर डॉ. राजीव लोचन शर्मा, रामाशंकर गौड़, बृजेंद्र मिश्रा, विपिन शर्मा, संजीव शर्मा, रमेश चंद्र बोहरा, बनवारी लाल पाठक, विवेक मिश्रा, पंकज शर्मा, मुकेश गौड़ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। साथ ही श्री परशुराम धर्मशाला ट्रस्ट के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने तैमूरपुर दीपा के विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, बच्चों संग बैठकर परखा मिड डे मील

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज ग्राम तैमूरपुर दीपा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय का और रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में साफ सफाई एवं मिड डे मील की गुणवत्ता सही पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ जमीन बैठकर भोजन किया और उसकी गुणवत्ता को परखा।



निरीक्षण के दौरान ग्राम तैमूरपुर दीपा स्थित कुछ प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की संख्या कम पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि अध्यापक गण अभिभावकों से संपर्क करें और अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करना सुरक्षित करें और ग्राम में एक भी बच्चा बिना नामांकन के न रहने पाए। स्कूल परिसर में बाउंड्री बोल के पास झुका हुआ बिजली का खंबा पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल खंबे को विद्युत विभाग के माध्यम से ठीक करना सुनिश्चित करें ताकि कोई दुर्घटना घटित न हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोज के गुणवत्ता को बढ़ाएं और निर्धारित मानक के अनुसार उनको भोजन उपलब्ध कराएं। स्कूल के रास्ते में क्षतिग्रस्त पुलिया, जिसके नीचे की मिट्टी भी निकल चुकी है, उसको तत्काल दुरुस्त करने और उसका चौड़ीकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। स्कूल में शौचालय की स्थिति एवं सफाई व्यवस्था सही पाई गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा उसके बाद प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बालिका शौचालय बंद पाया गया तथा दूसरे शौचालय में अधिक गंदगी पाई जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर शौचालयों सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें और बालिका शौचालय को भी फौरन खुलवाएं। शौचालय का सेफ्टी टैंक धंसा हुआ पाए जाने पर उसकी समुचित मरम्मत करने के निर्देश दिए। स्कूल में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थित संतोषजनक पाई गई। इस अवसर पर उन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता को परखने के लिए जमीन पर बैठकर नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के साथ भोजन किया और उनसे बातचीत भी की। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई।

# कानपुर में पिता ने की जुड़वा बेटियों की हत्या, गिरफ्तार, घटना की वजह की जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। आज यहां रविवार को एक पिता ने अपनी जुड़वा नाबालिग बेटियों (उम्र 11 वर्ष) की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना की वजह समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल पाई है। पुलिस को इस नृशंस हत्याकांड की घटना की जानकारी भोर में साढ़े चार बजे के करीब डॉयल-112 के जरिए मिली। मौके पर पहुंची पुलिस हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार करने के साथ ही दोनों बच्चियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुटी है।

दिल दहलाने यह घटना नौबस्ता थाना क्षेत्र के विराटनगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में हुई। पुलिस के मुताबिक दोनों बच्चियां सगी जुड़वा बहनें थीं। उनकी उम्र 11 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो फ्लैट का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर कमरे में दोनों मासूम बच्चियों के शव लहूलुहान पड़े थे। पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसाार मारी गई दोनों बच्चियों के गले पर धारदार हथियार के वार के गहरे निशान मिले हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके से खून से सने कई सबूत जुटाने के साथ ही हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार के अवशेष भी अपने कब्जे में ले लिए हैं। पुलिस ने हत्यारोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर एक पिता ने ऐसा खौफनाक और बेरहम कांड कैसे और क्यों कर डाला? पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीनेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मौके पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है ।

# एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

**समाज जागरण**
**चंदौसी 18 अप्रैल 2026**




एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में आज परशुराम जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूरी तरह से धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं महान व्यक्तित्वों के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद बच्चों को भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और उनके योगदान के बारे में सरल और रोचक तरीके से बताया गया, जिससे बच्चे आसानी से समझ सकें। विद्यालय की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि परशुराम जयंती हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि परशुराम जी का जन्म तृतीया तिथि के प्रदोष काल में हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनका अवतार अधर्म, अन्याय और अत्याचार का अंत करने के लिए हुआ था।

उन्होंने आगे बताया कि परशुराम जी के पिता महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका थीं। वे बचपन से ही तेजस्वी, पराक्रमी और धर्मनिष्ठ थे। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि हमें सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए तथा अन्याय के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए।

प्रिया मैम ने बच्चों को बताया कि प्राचीन ग्रंथों जैसे महाभारत और विष्णु पुराण के अनुसार परशुराम जी का मूल नाम राम था, लेकिन जब भगवान शिव ने उन्हें परशु नामक दिव्य अस्त्र प्रदान किया, तभी से उनका नाम परशुराम पड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि परशुराम जी भगवान शिव के परम भक्त थे और उन्होंने अपने जीवन में कठोर तप और साधना की।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ह्लजय श्री रामह्व के जयकारे लगाए, जिससे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा। कुछ बच्चों ने भगवान परशुराम से जुड़ी छोटी-छोटी प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया।

अंत में संचालिका संगीता भार्गव जी ने बच्चों को संदेश दिया कि हमें भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर सच्चाई, साहस और अनुशासन को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम का समापन हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाएं प्रिया, रूपाली, काजल, इशिता, मनप्रीत, शालू, निशा, संतोष, नीरज, सरिता, सोनल, दीक्षा, रक्षा शिल्पा सहित सभी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

यह आयोजन बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिसने उनके मन में संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।

# असमोली क्षेत्र में दर्दनाक हादसा: ट्रैक्टर की चपेट में आकर मासूम की मौत, गांव में पसरा मातम

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली क्षेत्र के गांव मवई ठाकुरान में रविवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा हो गया, जिसमें सात वर्षीय मासूम की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में अफरातफरी मच गई और परिवार में कोहराम छा गया।



मृतक सूर्यांशु का फाइल फोटो

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी गन्नू पुत्र रामस्वरूप की बेटी की लगन का कार्यक्रम रविवार को होना था। लगन का सामान लाने के लिए वह एक परिचित से ट्रैक्टर मांगकर लाया था, जिसे उसने अपने घर के पास खड़ा कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में चाबी लगी रह गई थी।

इसी दौरान गांव निवासी देवेंद्र का सात वर्षीय पुत्र सूर्यांश अपने भांजे गुड्डू के साथ खेलते-खेलते वहां पहुंच गया और दोनों बच्चे ट्रैक्टर पर चढ़ गए। खेल-खेल में बच्चों ने अनजाने में ट्रैक्टर की चाबी घुमा दी, जिससे ट्रैक्टर अचानक स्टार्ट होकर आगे बढ़ने लगा।

ट्रैक्टर चलते ही दोनों बच्चे घबरा गए और नीचे गिर पड़े। इसी दौरान सूर्यांश ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं गुड्डू घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि ट्रैक्टर कुछ दूरी तक चलने के बाद एक बिजली के खंभे से टकराकर रुका, जिससे खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मासूम की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

वहीं थाना प्रभारी रायसती निशांत राठी ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यदि कोई तहरीर मिलती है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# वीआईटी कॉलेज में जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण, प्रगणकों में दिखा उत्साह

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरोः शमीम सिद्दीकी**

जनपदः बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में जनपद बिजनौर की सभी तहसीलों एवं चार नगर निकाय क्षेत्रों में आयोजित तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरे व अंतिम दिन सफलतापूर्वक समापन हुआ। अंतिम दिन प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा फीडिंग की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रैक्टिकल अभ्यास भी कराया गया। साथ ही जनगणना कार्य को गोपनीयता, निष्पक्षता, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ संपन्न कराने हेतु शपथ भी दिलाई गई।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने वीआईटी कॉलेज स्थित प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों में कार्य के प्रति जोश और उत्साह देखा तथा उनकी सराहना की। वान्या सिंह ने बताया कि आगामी जनगणना को शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करने के उद्देश्य से जिले की समस्त तहसीलों एवं नगर निकायों में कुल 38 प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से प्रगणकों (Enumerators) एवं पर्यवेक्षकों (Supervisors) को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसकी सफलता सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़ों पर निर्भर करती है।

उन्होंने बताया कि इस बार प्रशिक्षण में डिजिटल माध्यमों पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि डेटा संकलन में त्रुटियों की संभावना कम हो। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित तहसीलदारों एवं अधिशासी अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रगणकों को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करते समय आमजन के साथ सौम्य व्यवहार रखें तथा प्रत्येक कॉलम को सावधानीपूर्वक भरें। इस अवसर पर जिला प्रभारी जे.पी. यादव, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, फील्ड ट्रेनर्स एवं बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वेल्डिंग कारीगर गंभीर रूप से झुलसा, निजी अस्पताल में भर्ती........

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के ,नगराम थाना क्षेत्र के समेसी इलाके में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां टीन शेड का निर्माण कर रहे एक वेल्डिंग कारीगर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, समेसी निवासी लगभग 35 वर्षीय मनोज पेशे से वेल्डिंग कारीगर है। रविवार को वह समेसी स्थित राजेश वर्मा उर्फ मुन्ना के फार्म हाउस पर टीन शेड बनाने का काम कर रहा था। काम के दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में लोहे का एंगल आ गया, जिससे तेज करंट प्रवाहित हुआ और मनोज उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया।मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि करंट लगने के बाद मनोज को जोरदार झटका लगा और वह नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। फार्म हाउस मालिक राजेश वर्मा और ग्राम प्रधान अशोक कुमार रावत ने तत्परता दिखाते हुए घायल मनोज को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया।हालत गंभीर देखते हुए परिजन उसे वहां से एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, मनोज को गंभीर जलन के कारण गहन निगरानी में रखा गया है।घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं, खासकर हाईटेंशन लाइनों के नीचे निर्माण कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है।

# हिंद महासागर का जहाज सागर थाईलैंड के फुकेट से रवाना हुआ

**समाज जागरण**

हिंद महासागर जहाज (आईओएस) सागर - आईएनएस सुनायना ने तीन दिवसीय तीव्र गति वाले परिचालन बदलाव (ओटीआर) को पूरा करने के बाद 17 अप्रैल 2026 को फुकेट, थाईलैंड से प्रस्थान किया, जो चल रही तैनाती के दौरान उसके दूसरे पत्तन आह्वान की सफल समाप्ति का प्रतीक है।



फुकेत की यात्रा के दौरान, आईओएस सागर ने रॉयल थाई नौसेना (आरटीएन) के साथ कई पेशेवर, रणनीतिक और सांस्कृतिक बैठकें कीं, जिससे द्विपक्षीय नौसैनिक सहयोग को महत्वपूर्ण मजबूती मिली। आईएनएस सुनायना के कमान अधिकारी कमांडर सिद्धार्थ चौधरी ने आरटीएन के तीसरे नौसेना क्षेत्र कमान के चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल सथापोर्न वजारत से मुलाकात की और समुद्री सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

आईओएस सागर और आरटीएन के दल के सदस्यों द्वारा एक मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच और संयुक्त योग सत्र के माध्यम से पेशेवर और व्यक्तिगत संबंधों को मजबूती मिली। जहाज पर आयोजित औपचारिक स्वागत समारोह में नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिससे आईओएस सागर मिशन पर अपने विचार साझा करने और समुद्री सहयोग तथा क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा करने का अवसर मिला। लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा देने के लिए जहाज आगंतुकों के लिए भी खुला रहा।

एचटीएमएस क्लोनग्याई के साथ एक पैसेज एक्सरसाइज (पासेक्स) के दौरान, परिचालन संबंधी अंतरसंचालनीयता का प्रदर्शन किया गया, जिसमें संचार अभ्यास और गठन युद्धाभ्यास शामिल थे, जो दोनों नौसेनाओं के बीच निर्बाध समन्वय और प्लग-एंड-प्ले क्षमता को उजागर करते हैं। यह दौरा भारत और थाईलैंड के बीच मजबूत और स्थायी समुद्री साझेदारी को रेखांकित करता है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति के महासागर दृष्टिकोण के अनुरूप है। आईओएस सागर अब अपने अगले पड़ाव के लिए इंडोनेशिया के जकार्ता की ओर रवाना हो गई है, और दक्षिणपूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को मजबूत करने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

# आम चुनाव व उपचुनाव 2026: सोशल मीडिया पर गैरकानूनी सामग्री के खिलाफ कड़ा रुख

**दैनिक समाज जागरण**

भारत निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव और उपचुनाव 2026 के मद्देनजर सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्म के जिम्मेदार उपयोग को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित पक्षों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, आईटी नियम 2021 तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य होगा। आयोग ने निर्देश दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से तैयार या संशोधित किसी भी भ्रामक अथवा गैरकानूनी सामग्री की सूचना मिलने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 3 घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। साथ ही राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार से जुड़े प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई आधारित सामग्री को स्पष्ट रूप से एआई-जनित, डिजिटल रूप से संवर्धित या कृत्रिम सामग्री के रूप में चिह्नित किया जाए तथा उसके स्रोत का भी खुलासा किया जाए।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम शामली में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देवानंद शास्त्री, पंडित मोहित और अशोक तिवारी सहित अन्य विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में गौरव कौशिक एवं उनकी पत्नी रुचि, सौरव कौशिक और उनकी पत्नी मानसी, एवं गायत्री उपस्थित रहे। सभी यजमानों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के सचिव राजकुमार मित्तल ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा मिलता है। अंत में हलवे और सत्तू के प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान ब्राह्मण एकता महासभा के अनेक गणमान्य सदस्य भी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से सत्य प्रकाश कौशिक, अशोक वशिष्ठ, विजय कौशिक, सुरेंद्र शर्मा, सहेंद्र शर्मा, राजीव, महेश शर्मा, रामकुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, महेश दत्त शर्मा, राजीव शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, रमेश चंद शर्मा, देवानंद गोड़, सतेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा, लोकेश शर्मा उपस्थित रहे।

# जनपद में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा आगामी 26 अप्रैल को शामली जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रसिद्ध काउंसलर सृष्टि महेदरू जिलेभर से इंटरपास आउट छात्र-छात्राओं को चार घंटे की काउंसलिंग करेगी, ताकि छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके।

रविवार को शहर के कैराना रोड स्थित राहुल तायल के कार्यालय में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आकाश गुप्ता सीए ने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को शामली जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। यह सेमिनार शहर के हनुमान धाम महाराजा अग्रसैन भवन में होगी, जिसमें प्रसिद्ध काउंसलर सृष्टि महेदरू जिलेभर से इंटर पास छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के प्रति जागरूक करेगी। ट्रस्ट द्वारा सेमिनार के दौरान पांच ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा, जो सेमिनार के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर प्रश्न करेगे। सेमिनार में पानीपत यूनिवर्सिटी, गीता यूनिवर्सिटी, जेनिसिस कोचिंग सैंटर के संचालकों द्वारा भी स्टॉल लगाए जायेगे। सेमिनार में सभी जातियों के छात्र-छात्राऐं प्रतिभाग कर सकते है। जिसके लिए ट्रस्ट द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए नंबर भी जारी कर दिए है। सेमिनार में 500 से अधिक छात्र-छात्राऐं के शामिल होने की उम्मीद है। इस अवसर पर सचिव रजत बंसल, ओमप्रकाश, प्रवीन गोयल, संगीत गोयल, रोबिन गर्ग, राहुल तायल, नीरज संगल, विकास गर्ग, उत्तम जिंदल, अंकित गुप्ता, अमित बंसल, सुमित बंसल आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में जीएसटी चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जो फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा रहा था।

रविवार को शहर की पुलिस लाईन में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम ने अभियुक्त विशाल राजवंशी पुत्र श्योजीराम राजवंशी निवासी नोरपुरा टोंक, राजस्थान को गिरफ्तार किया। अभियुक्त फर्जी बिलों के माध्यम से जीएसटी की चोरी करता था। अभियुक्त ने फर्जी बिलों के माध्यम से जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट का दुरुपयोग किया और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया। एसपी ने बताया कि अभियुक्त विशाल राजवंशी ने एक फर्जी फर्म बी.आर ट्रेडर्स नाम से बनाई थी। इसके तहत उसने फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेजों के आधार पर 15 जनवरी 2025 को इस फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद वह विभिन्न फर्मों के नाम पर केवल कागजों पर खरीद-फरोख्त दिखाकर जीएसटी चोरी करता था। जब जीएसटी विभाग ने उसकी फर्म का मुआयना किया, तो फर्म का कोई भौतिक अस्तित्व नहीं पाया, जिसके चलते 27 जनवरी 2025 को फर्म का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने पैसे कमाने के उद्देश्य से यह फर्जी फर्म बनाई थी और जीएसटी की चोरी के लिए फर्जी बिलों का इस्तेमाल किया, जो करोडों रुपए की जीएसटी चोरी कर चुका है। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि उसकी फर्म को जीएसटी विभाग ने रद्द कर दिया था, लेकिन फिर भी वह धोखाधड़ी करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने पकडे गए अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मासूम घायल, चालक फरार

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में तेज रफ्तार बाइक ने गली से बाहर निकल रही मासूम बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बच्ची को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर दिल्ली रेफर कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस आरोपी बाइक चालक की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी महिला कैर्मिदा पत्नी इखलाख ने बताया कि उसकी 5 वर्षीय भतीजी इरम घर से लगभग 30 मीटर दूर गली से बाहर निकल रही थी। तभी सलेमपुर रोड ईदगाह की ओर से तेज गति से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने बच्ची को टक्कर मार दी। आरोप है कि बाइक सवार अनीस ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बच्ची को टक्कर मारने के बाद उसके ऊपर से बाइक चढ़ाने का भी प्रयास किया।और घ मौके पर मौजूद कासिम, रेशमा और अन्य लोगों ने बाइक सवार को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह गाली-गलौज करते हुए तेज गति से फरार हो गया। घटना के बाद घायल बच्ची को शामली के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के लोकनायक अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार बच्ची जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## - साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी, योजनाओं से भी कराया अवगत

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर व क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।अभियान के तहत उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार तेवतिया और महिला कांस्टेबल प्रियंका की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर गोष्ठियों का आयोजन कर महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को समझाते हुए बताया कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाने के लिए चलाई जा रही है।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। टीम ने बताया कि किस प्रकार ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से अपराधी लोगों को निशाना बनाते हैं। महिलाओं को इनसे बचाव के उपाय भी विस्तार से समझाए गए, जैसे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करना, अपनी निजी जानकारी साझा न करना और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना देना।

# भगवान परशुराम की जयंती पर हवन यज्ञ का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर अखिल भारतवर्षीय ब्रहमण महासभा द्वारा शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में हवन यज्ञ और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से पहुंचे ब्रहमण समाज के लोगों ने यज्ञ में आहुति दी और भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

रविवार को शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में अखिल भारतवर्षीय ब्रहमण महासभा द्वारा भगवान परशराम जयंती के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रहमण समाज के लोगों ने आहुति प्रदान की। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बीडी शर्मा, महामंत्री शिवमोहन शर्मा तथा कार्यक्रम संयोजक पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि और उनकी पत्नी रेणुका से हुआ था। उनका जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को हुआ था और वह विष्णु के छठे अवतार के रूप में प्रसिद्ध हैं। बताया कि भगवान परशुराम ने कठिन तपस्या के बाद भगवान शिव से परशु नामक अस्त्र प्राप्त किया, जिससे उनका नाम परशुराम पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने शस्त्र विद्या के महान गुरु के रूप में भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण को शिक्षा दी। इस दौरान समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। मौके पर त्रिभुजन शर्मा, चिन्मय भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा, अंजु अग्निहोत्री, लोकेश वत्स, राकेश शर्मा, चंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, प्रेमकिशोर कोठारी, राजकुमार शर्मा, सुभाषचंद शर्मा, जनेश्वर प्रसाद शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, डा. उनेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम किसी विशेष जाति के खिलाफ नहीं थे, विजय कौशिक

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर बिडोली स्थित भगवान परशुराम चौंक पर एक भव्य हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रालोद के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक और कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान रालोद के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने कहा कि अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम के अवतरण दिवस के रूप में मनाना एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान परशुराम किसी विशेष जाति के खिलाफ नहीं थे, बल्कि उन्होंने अत्याचारियों के खिलाफ फरसा उठाया था। उनके जीवन से हमें न्याय और धर्म की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा मिलती है।कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम सभी के आराध्य देव हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भगवान परशुराम चौंक के निर्माण में छत्तीस बिरादरी के लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार से यह मांग की कि भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस को सरकारी अवकाश घोषित किया जाए, ताकि इस दिन की महिमा और महत्व को सभी लोग समझ सकें। मौके पर अध्यक्ष अशवनी कौशिक हथछोया, वीशू शर्मा ऐरटी, दीपक शर्मा, सुमित भारद्वाज एडवोकेट, अमन शर्मा, अजीत शर्मा, हितेश शर्मा, सोनू रामडा, अंशुल भारद्वाज ऐरटी, पीयूष शर्मा, अभिराज भारद्वाज मौजूद रहे।

# ट्रैडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले दो गिरफ्तार, नगदी बरामद

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) आदर्श मंडी थाना पुलिस ने ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले एक गिरोह के दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 55 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई है। पकडे गए गिरोह के सदस्य बड़ी संख्या में लोगों को ठगी का शिकार बना चुके है।

शामली पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त म्यूल खातों की जांच के दौरान ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो शातिरों मयंक उर्फ सन्नी पुत्र कमल कुमार निवासी बेगमपुरा कैराना और विशाल पुत्र मोहनलाल निवासी टीचर्स कॉलोनी कैराना को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 55 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की गई।एसपी एनपी सिंह ने बताया कि म्यूल खातों की जांच करने पर यह सामने आया कि साइबर अपराधी आम जनमानस को व्हाट्सएप और टेलीग्राम चौनल के माध्यम से फर्जी लिंक भेजकर, फर्जी एप्स के जरिए ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों को प्रोत्साहित करते थे। उन्हें यह लालच दिया जाता था कि उनकी निवेश की गई धनराशि पर अधिक लाभ मिलेगा। इसके बाद, ठगी करने वाले आरोपियों द्वारा म्यूल खातों में रुपये मंगवाए जाते थे और फिर उन पैसों को हड़प लिया जाता था। एसपी ने बताया कि आरोपियों द्वारा ऑपरेट किए जा रहे म्यूल खातों में करीब 3 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन हुआ था। इन खातों के संबंध में पूरे देश में साइबर फ्रॉड की पांच शिकायतें दर्ज की गई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि म्यूल खाता धारक सादिक से उनकी मुलाकात हुई थी। सादिक फलों का ठेला लगाता है और मयंक ने उसे अपने योजना के तहत फर्जी सेविंग अकाउंट खोलने को कहा था, जिसमें लाखों रुपये का लेन-देन होगा और इसके बदले उन्हें अच्छा कमीशन मिलेगा। इसके बाद सादिक ने अपनी सेविंग अकाउंट की सारी डिटेल्स मयंक को दे दी। मयंक और विशाल ने मिलकर उस खाते में करीब 3 करोड़ रुपये का लेन-देन किया।

# हनी ट्रैप में फंसे युवक की आत्महत्या, एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं

## - पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियां, साथियों से भी की जा रही पैसों की मांग

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक युवक के हनी ट्रैप में फंसकर आत्महत्या करने के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार दहशत में जी रहा है। परिवार का आरोप है कि ब्लैकमेल करने वाला गिरोह लगातार कॉल और मैसेज के जरिए धमकियां दे रहा है, जबकि मृतक के एक साथी से भी पैसों की मांग की जा रही है।गांव मलकपुर निवासी बिलाल कुछ समय पूर्व व्हाट्सएप कॉल और फोन कॉल के माध्यम से हनी ट्रैप का शिकार हो गया था। आरोप है कि गिरोह ने उसे अश्लील फोटो और वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करते हुए करीब तीन लाख रुपये वसूल लिए। इसके बावजूद आरोपित लगातार उसे ब्लैकमेल करते रहे और अश्लील सामग्री उसके परिचितों को भेजने की धमकी देते रहे।लगातार हो रही ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर बिलाल ने 14 अप्रैल को दो वीडियो बनाकर क्षेत्र के जंगल में जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मृतक के भाई सुहैल ने मोबाइल का लॉक खुलवाया, जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। परिजनों के अनुसार, व्हाट्सएप कॉल के जरिए विदेशी नंबरों, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नंबर भी शामिल बताए गए हैं, से अश्लील फोटो भेजकर उसे डराया जा रहा था।मामले में सुहैल ने 16 अप्रैल को थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरोह सक्रिय है और लगातार कॉल व मैसेज के जरिए परिवार को धमका रहा है। परिजनों का कहना है कि आरोपियों अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुका है।बताया गया है कि मृतक के साथी शहजाद के फोन पर भी अज्ञात नंबरों से कॉल कर पैसों की मांग की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है और साइबर टीम जांच में जुटी हुई है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिलोच जाति होगी अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल

**समाज जागरण**

शामली। एडीएम सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग लखनऊ के कार्यालय द्वारा प्रदेश में निवास करने वाली बिलोच जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग की उप्र सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुरोध प्राप्त हुआ था। इसके बाद आयोग द्वारा उक्त जाति के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक और राजनैतिक अध्ययन हेतु सर्वेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इस उद्देश्य के लिए आयोग का तीन सदस्यीय शोध दल 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक जिले का भ्रमण करेगा। इस दौरान बिलोच जाति के परिवारों की मौजूदगी वाली तहसीलों, कस्बों और गांवों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्रारंभ में 20 अप्रैल को प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी। अब यह बैठक 21 अप्रैल को पूर्वाहन 11 बजे, नवीन भवन कलेक्ट्रेट सभागार, शामली में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिले के जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, तहसील, कस्बे, गांव के क्षेत्रीय नायब तहसीलदार, लेखपाल और ग्राम प्रधानों को भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

# कार अनियंत्रित होकर पलटी दो सगे भाई बाल बाल बचे

**समाज जागरण**

शामली। रविवार सुबह शहर में अफरा-तफरी मच गई, जब कांबडौत पुल के पास एक कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो सगे भाई बाल-बाल बच गए, जबकि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद पुल पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई।

रविवार को आकाश अपने भाई कार्तिक के साथ अंबाला से अपने गांव छूर लौट रहे था। सुबह के समय जब वे शामली से निकलकर काबडौत पुल पर पहुंचे, तभी अचानक सामने से आये आवारा कुत्ते को देख उनकी कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। तेज आवाज के साथ हुए हादसे से आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी और दोनों भाइयों को कार से बाहर निकाला। गनीमत यह रही कि दोनों को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और वाहन को सीधा कर यातायात को सुचारु किया। पुलिस ने घायलों से पूछताछ कर उन्हें प्राथमिक उपचार दिलवाया, जिसके बाद दोनों भाई अपने घर के लिए रवाना हो गए।

# गर्मी का प्रकोप बढ़ा जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही विद्युत विभाग ने शहर में जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया है, ताकि गर्मी के मौसम में विद्युत लाइनों में आने वाले फॉल्ट्स और विद्युत आपूर्ति में रुकावट को रोका जा सके।

रविवार को विद्युत विभाग के कर्मचारी हनुमान रोड और अस्पताल कालोनी क्षेत्र में पहुंचे, जहां इन क्षेत्रों में स्थित विद्युत लाइनों की स्थिति बेहद खराब हो गई थी। विभाग ने इन जर्जर लाइनों को बदलने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में उच्च तापमान और तेज हवाओं के कारण पुरानी और जर्जर तारों में अधिक खतरा पैदा हो जाता है, जिससे अक्सर फॉल्ट्स आते हैं और विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है। ऐसे में विभाग द्वारा यह कदम समय पर उठाया गया है ताकि नागरिकों को गर्मी के दिनों में कोई असुविधा न हो। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न इलाकों में जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू किया है। हनुमान रोड और अस्पताल कालोनी के अलावा अन्य प्रमुख क्षेत्रों में भी जल्द ही यह काम पूरा किया जाएगा। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस दौरान विद्युत व्यवस्था में आ रही असुविधाओं को लेकर धैर्य रखें।

# तापमान में वृद्धि लोग कर रहे भीषण गर्मी का सामना

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग )**

गर्मी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिससे नागरिकों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को तापमान 39 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सवेरे 10 बजे से ही गर्मी का असर महसूस होने लगा था, और दिन चढ़ने के साथ ही तापमान में लगातार वृद्धि होने से शहर के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार को गर्मी के कारण सड़कों और बाजारों में सूनापन छा गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे थे। जहां एक तरफ दुकानों में लोगों की संख्या में कमी आई, वहीं दूसरी तरफ सार्वजनिक स्थानों पर भी वीरानी छाई रही। रविवार को दिनभर की तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर आमतौर पर दिखने वाली भीड़ गायब हो गई थी। शहर के प्रमुख बाजारों बडा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, नेहरू मार्किट, कबाडी बाजार और चौक-चौराहों गुरूद्वारा तिराह, फव्वारा चौक, विजय चौक, शिव चौक पर सन्नाटा था। दुकानदारों ने बताया कि गर्मी के कारण व्यापार में भी कमी आई है, और लोग दोपहर के समय ज्यादा बाहर निकलने से बच रहे हैं। गर्मी के असर से लोग घरों में अधिक समय बिता रहे थे। जलवायु की इस स्थिति में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को खासतौर पर गर्मी के दौरान हाइड्रेटेड रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए बाहर निकलने से पहले पानी पीना और हल्के कपड़े पहनना बेहद जरूरी है। साथ ही, बुजुर्गों और बच्चों को गर्मी से विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# शिव मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग )**

थाना क्षेत्र कस्बा एलम के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समिति की ओर से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की



शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर समाज और देश की खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी अनुपम शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न्याय, धर्म और सत्य के प्रतीक थे।पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राम राज्य में नहीं होने चाहिए शराब के ठेके: एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका

- चमरावल गांव में शराब ठेके के विरोध में महापंचायत का आयोजन
- स्कूल के पास देशी शराब का ठेका खोलने पर ग्रामीणों में रोष, महिलाओं-पुरुषों ने कराई थी दुकान बंद



**समाज जागरण**

चांदीनगर। चमरावल गांव में स्कूल के पास देशी शराब का ठेका खोलने के विरोध में शनिवार शाम महापंचायत का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने शराब ठेका न खोलने की मांग की। एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका ने कहा कि राम राज्य में शराब के ठेके नहीं खोले जाने चाहिए, शराब लोगों की जिंदगी बर्बाद करती है। दो दिन पहले गांव की सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने स्कूल के पास खुले देशी शराब के ठेके का विरोध कर हंगामा करते हुए दुकान बंद करा दी थी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी आवास पर भी ठेका खोलने का विरोध दर्ज कराया था। महापंचायत में जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि शराब युवाओं की जिंदगी बर्बाद करती है, इसलिए इसकी बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि कोई ऐसा कार्य न करें जो कानून के खिलाफ हो। ग्रामीणों ने पुलिस पर मुकदमा करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। महापंचायत की अध्यक्षता धर्मपाल सिंह ने की, संचालन शशांक त्यागी ने किया। इस मौके पर वीरपाल प्रधान, तेजपाल सिंह, कपिल आर्य, राजेन्द्र, ब्रह्मपाल सिंह, केटी भैया आदि मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर टटीरी में लगाया गया विशाल भंडारा

**समाज जागरण**

बागपत। कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बागपत के जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने फीता काटकर भंडारे का शुभारंभ किया। सुबह से शुरू हुआ भंडारा दोपहर बाद तक चलता रहा और लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए आते जाते रहे। इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी अंकुर शर्मा के



नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा का फूल माला, पगड़ी व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के संजीव शर्मा अंकुर शर्मा दीपक गोयल संजीव शर्मा पीटीआई नवीन शर्मा मंसूरी राजू शर्मा सुनील शर्मा पिंटू शर्मा उमा दत्त शर्मा मास्टर हरिओम मास्टर सुनील रोहित गोयल मनोज गुप्ता एडवोकेट नीरज शर्मा विपिन शर्मा मास्टर गजराज शर्मा पंडित वेद प्रकाश शर्मा समेत सभी ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर हुए हवन में सभी ने दी आहुतिया

**समाज जागरण**

बागपत। भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर भगवान परशुराम संघ बागपत द्वारा भगवान परशुराम भवन बागपत में हवन का आयोजन किया गया। पंडित हर्ष शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां डलवायी गई। नरेश कुमार शर्मा द्वारा भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला



गया। बताया कि भगवान परशुराम द्वारा जनपद बागपत के पुरामहादेव में भगवान शिव के शिवलिंग की स्थापना की थी और वही पर तपस्या की थी, वो स्थान आज परशुरामेश्वर मन्दिर के नाम से विख्यात हैं। कार्यक्रम में एडवोकेट गगन गौड, विजय कौशिक, विनोद भारद्वाज, राकेश मोहन शर्मा, अजय शंकर शर्मा, कपिल आलम्बायन, गजेन्द्र आचार्य, सुभाष वशिष्ठ, रामफूल शर्मा, हिमांशु शर्मा, प्रदीप शर्मा हरेंद्र दीक्षित, आशुतोष कौशिक, पंडित सोमदत्त शास्त्री, संजय कौशिक, स्वतंत्र शर्मा, पंकज भारद्वाज, आदि, विजयपाल शर्मा, कपिल स्वामी, दर्श शर्मा उपस्थित रहे।

# शहीद भगत सिंह वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय संरक्षक बने राजेश कुमार

**समाज जागरण**

बागपत। शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी की एक बैठक में तिहाड़ जेल के पूर्व सहायक अधीक्षक एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी राजेश कुमार को शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी का राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत किया गया है।यह घोषणा सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह अस्त ने की। श्री अस्त ने कहा कि राजेश कुमार इससे पहले कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से



जुड़े हुए हैं। वे शहीदों के प्रति बहुत ही सम्मान रखते हैं। उनकी इस नियुक्ति पर प्रवेश साहनी मुख्य संपादक साहनी टाइम्स, महिला अध्यक्ष हरजीत कोर टक्कर, सरदार अमरजीत सिंह राष्ट्रीय संरक्षक रेखा खुरमी, महासचिव दिल्ली प्रसिद्ध सिंगर मोंटू मस्त, अरविंदर कौर उमा शर्मा, बबली शर्मा सुनीता, प्रसिद्ध सिंगर साक्षी कुमारी विमल कुमार, कविता गिरधर महासचिव महिला सेल आदि ने बधाई दी है।

# वसूली का विरोध करने पर गाड़ी चालक को पीटा

**समाज जागरण**

कैराना। जिला पंचायत के नाम पर कथित रूप से वसूली करने का विरोध करने पर गाड़ी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला पीरजादगान निवासी धीरज ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि वह पिकअप गाड़ी का मालिक है और किराये पर सामान ढोने का काम करता है। 18 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वह समालखा (हरियाणा) से सामान लेकर कैराना लौट रहा था। जब वह यमुना ब्रिज पर पहुंचा, तो वाणिज्यकर विभाग द्वारा उसकी गाड़ी की चेकिंग की गई। आरोप है कि चेकिंग के बाद जैसे ही वह आगे बढ़ा, तभी वहां मौजूद तीन व्यक्तियों ने खुद को जिला पंचायत टैक्स वसूलने वाला बताते हुए उससे 250 रुपये की रसीद कटवाने को कहा। इस पर उसने खुद को स्थानीय बताते हुए रसीद कटवाने से मना किया, जिस पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# परशुराम जयंती पर भगवान की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक, हुई महाआरती

- खेकड़ा के शिव मंदिर पट्टी अहिरान में धूमधाम से मनाया प्राकट्य दिवस
- दूध-दही-शहद-गंगाजल से अभिषेक कर पहनाए वस्त्र, यज्ञोपवीत व फूल माला



**समाज जागरण**

खेकड़ा। भगवान परशुराम जी के प्राकट्य दिवस पर शनिवार को शिव मंदिर पट्टी अहिरान में भगवान की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन किया गया। भक्तों ने प्रतिमा का दूध, दही, शहद व गंगाजल से पंचामृत अभिषेक कर वस्त्र, यज्ञोपवीत और फूल मालाओं से सुशोभित किया। पूजन से पूर्व सभी भक्तजन श्री बालाजी मंदिर पांडवों की पुलिया से जय घोष करते हुए शिव मंदिर पट्टी अहिरान पहुंचे। यहां भगवान परशुराम जी की वंदना कर फल व नैवेद्य अर्पित किया गया। मंगल आरती के बाद भगवान को भोग लगाकर खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस पुनीत कार्य में अशोक शर्मा, महामंत्री आशु शर्मा, थांबेदार चौधरी राजेश शर्मा, बिट्टू शर्मा, विकास शर्मा, अशोक मिश्रा, चौधरी उमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी रोहित यादव की माता अंगूरी देवी को हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजली

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं श्री कृष्णा कॉलिज ऑफ एजुकेशन सिंघावली अहीर के चेयरमैन रोहित यादव की माता स्वर्गीय अंगूरी देवी पत्नी स्वर्गीय जीत सिंह की तेहरवीं पर राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक जगत से जुड़े हजारों लोगों ने शिरकत की और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय अंगूरी देवी की तेहरवीं पर सिंघावली अहीर स्थित उनके आवास पर हवन का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त आयोजित श्रद्धांजली सभा में क्षेत्र के अनेकों गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय अंगूरी देवी के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनको महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण बताया व उनके धार्मिक व समाजसेवी कार्यों की जमकर प्रशंसा की। इसके उपरान्त श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगो ने



दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनको अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनके पुत्र रोहित कुमार यादव, कपिल यादव, दामाद महेन्द्रपाल यादव, पौत्र यश यादव, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, पूर्व चेयरमैन डॉक्टर मांगेराम यादव अमीनगर सराय, आचार्य अजीत गौरीपुर मीतली, सपा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव यादव, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज यादव व बिल्लू प्रधान, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष डाक्टर सीमा यादव, भाजपा नेता नरेश वर्मा, किसान नेता अन्नू मलिक, नितिन यादव, सपा नेता डाक्टर तरूणदेव यादव, राहुल यादव, रवि बैंसला, नवनीत बंसल, खेमचन्द, धर्मसिंह यादव, विजय मैनेजर, सतबीर, सतपाल, एसके शर्मा, रामकिशन सैडभर सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने अलग–अलग स्थान से चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किए। मलकपुर मार्ग पर पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़कर तलाशी ली, जिसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सलीम निवासी गांव मलकपुर बताया। इसके अलावा नाजिम निवासी गांव इस्सोपुर खुरगान को खुरगान बाईपास फ्लाईओवर के नीचे से चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर चालान कर दिया।

# जिला अस्पताल पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, बोले- मरीजों को हर सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता

स्मार्ट मीटर पर जांच समिति का भरोसा, महिला आरक्षण रोकने पर कांग्रेस-सपा पर साधा निशाना

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रविवार को फिरोजाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों, तीमारदारों और चिकित्सकों से बातचीत की तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मरीजों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अस्पताल में जिन सुविधाओं और उपकरणों की कमी है, उन्हें जल्द उपलब्ध कराया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अस्पताल के लिए जो भी आवश्यकताएं हैं, उनकी सूची तैयार कर ली गई है। ऐसे चिकित्सा उपकरण, मशीनें और संसाधन जो अभी तक अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा ताकि मरीजों को इलाज के लिए किसी अन्य शहर का रुख न करना पड़े।

उन्होंने कहा, सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार मिले। फिरोजाबाद जिला अस्पताल में जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा।

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर सरकार को लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जनता की समस्याओं को देखते हुए इस पूरे मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है।

उन्होंने कहा, जनता के हित सर्वोपरि हैं। यदि जांच में यह सामने आता है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था में कोई गड़बड़ी या जनता के साथ अन्याय हो रहा है, तो उसे तुरंत रोका जाएगा। सरकार जनता के हित में ही निर्णय लेगी।

लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले महिला आरक्षण विधेयक को लेकर पूछे गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इस दिशा में हमेशा बाधा खड़ी की है।

बृजेश पाठक ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी कांग्रेस महिलाओं को बराबरी का दर्जा नहीं दिला सकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी दिलाने के लिए महिला आरक्षण का रास्ता खोला, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इसका विरोध किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसका राजनीतिक लाभ कोई भी ले ले, लेकिन महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए। इसके बावजूद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण को आगे बढ़ने नहीं दिया। प्रदेश और देश की महिलाएं इसे कभी माफ नहीं करेंगी।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी नहीं चाहती कि महिलाएं विधानसभा और संसद में अधिक संख्या में पहुंचें। उनका कहना था कि जब महिलाएं कानून बनाने की प्रक्रिया में आएंगी तो अपराध, गुंडागर्दी और माफिया राज पर रोक लगेगी।

उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी की सरकारों में गुंडे, बदमाश और माफिया पनपे। जब महिलाएं संसद और विधानसभा में बैठकर कानून बनाएंगी तो ऐसे तत्वों के लिए जगह नहीं बचेगी। इसी कारण समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण का विरोध किया है। राहुल गांधी द्वारा संवैधानिक संस्थाओं और सीएजी को लेकर उठाए गए सवालों पर भी उपमुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हमेशा संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करते रहते हैं, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

उन्होंने कहा, राहुल गांधी को चाहिए कि वे देश की संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करें। बिना आधार के लगातार सवाल उठाना ठीक नहीं है। मैं उनके इस रवैये की कड़ी निंदा करता हूं।

फिरोजाबाद दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर की बेटी के विवाह समारोह में भी शामिल हुए। एफएम रॉयल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर उन्होंने नवदंपती को आशीर्वाद दिया और परिवार को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, विधायक मनीष असीजा, जिलाधिकारी रमेश रंजन सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्साह के साथ मनाया परशुराम जन्मोत्सव

- हवन पूजन के साथ याद किए विष्णु के अवतार
- ब्राह्मण समाज ने दिया एकजुटता का संदेश

**समाज जागरण**

सिरसागंज। भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम नगर में धूमधाम से आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में विप्र समाज ने उपस्थित होकर एकजुटता का संदेश दिया।ग्रामीण क्षेत्रों से भी विप्र समाज ने सहभागिता की।

पंडित चतुर्भुज महाराज ब्राह्मण धर्मशाला पर सुबह हवन पूजन के माध्यम से भगवान विष्णु के छठवे अवतार परशुराम जी के आदर्श पर चलने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि उप प्रधानाचार्य कनक तिवारी ने भगवान के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। उन्होंने ब्राह्मण समुदाय को दिशा देने वाला बताते हुए वर्तमान संदर्भों में




उचित भूमिका निर्वाह का अनुरोध किया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सीताराम शर्मा, अनिल मिश्रा, राजेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन सुमन चतुर्वेदी एवं सरोज शर्मा तथा वर्तमान चेयरमैन रंजना सिंह, भाजपा जिला मंत्री रेणु उपाध्याय आदि ने परशुराम जी के जीवन संघर्ष, त्याग और न्याय की भावना पर प्रकाश डाला तथा ब्राह्मण समाज की एकता व धर्मशाला निर्माण में सहयोग की अपील की।

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ मुकेश मणिकांचन ने विशिष्ट महानुभावों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए प्रदीप मिश्रा (सभासद) व सक्रिय सहयोग के लिए राकेश पांडे, अनिल मिश्रा, शैलेश मिश्रा, अशोक दीक्षित, संजीव चतुर्वेदी, आनन्द शर्मा,

सुमित पांडे, रजत चौधरी का आदि का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित प्रमोद तिवारी रामायणी, देवकुमार शर्मा, संजीव दुबे, हर्ष पांडे, कन्हैया पांडे, अंकित दुबे, अभिज्ञान मिश्रा, प्रशांत शर्मा, कार्तिकेय दुबे का भी सहयोग रहा।

# भारतीय सवर्ण महासभा ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मदिन

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम परशुराम पार्क सुहाग नगर में बड़ी धूमधाम के साथ भारतीय सवर्ण महासभा के तत्वाधान में मनाया गया सभी वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी के आदर्श पर चलने का संकल्प लिया और सवर्ण समाज के खिलाफ काले कानूनो का विरोध करेगें भारतीय सवर्ण महा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने कहा भगवान परशुराम जी विष्णु भगवान के छठे अवतार थे उन्होंने हमेशा अन्याय अत्याचार के खिलाप आवाज आवाज उठाई थी आज जिस तरीके से समाज के खिलाफ सरकार काले कानून ला रही है और समाज इसका विरोध करेंगे



कार्यक्रम में ठाकुर मोहन सिंह अशोक गर्ग प्रवीण शर्मा विनोद दीक्षित सूर्य प्रकाश रावत राजू शर्मा नरेश अरेले पवन शर्मा आदिलोग रहे।

# 40 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में किया प्रवेश गणमान्य लोगों ने दिया आशीर्वाद

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। रविवार को बाबा खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा। अक्षय तृतीया के अवसर पर कोटला रोड स्थित राधा कृष्ण गार्डन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया। जिसमें 40जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया।

विवाह समारोह में विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार आचार्यों द्वारा बेदमंत्रो के साथ संपन्न कराया। समितिके,पदाधिकारियों के द्वारा विवाह समारोह में शामिल जोड़ों को दान दहेज देकर बिदा किया।

सैकड़ो बेटियों के पिता एवं समिति के अध्यक्ष बंटू कुशवाह एवं उनकी समिति के पदाधिकारियों के निर्देशन में शादी समारोह संपन्न हुआ। समिति के संस्थापक ने कार्यक्रम में आये लोगों से अपील करते हुए



कहा जो पिता अपनी बेटी की शादी करने में असमर्थ है तो वह समिति के लोगों से संपर्क कर बेटी की शादी कर सकता है इसके लिए हमारी समिति हमेशा तत्पर है।बाबा खाटू श्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने भी वर कन्याओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश कुशवाहा जिला अध्यक्ष कुशवाहा महासभा, एवं समिति के संरक्षक डूंमर सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष। सचिव बंटू कुशवाहा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा विपिन लहरी, समिति प्रबंधक मनोज कुशवाहा,सचिव अभिषेक कुशवाहा, पंकज राठौर, समारोह में अजीत कुशवाहा उपस्थित रहे गणमान्य लोगो ने वर कन्याओं को आशीर्वाद दिया। संचालन गोपाल आचार्य ने किया।

# 44 बेटियों ने खाई जीवन साथ निभाने शपथ

समाज सेवा से मिलता है संतोष -डॉ राधेश्याम।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। रविवार को बालकृष्ण गुप्ता की बगीची कोटला रोड फिरोजाबाद में महात्मा ज्योतिबा राव फुले सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 44 बेटियों की शादी संपन्न कराई गई। इस आयोजन का संयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम कुशवाहा द्वारा किया गया, जिन्होंने लंबे समय से समाज सेवा को अपना ध्येय बना रखा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटियों के विवाह के खर्च से अभिभावकों को राहत दिलाना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। आयोजन में मुख्य



अतिथि के रूप में रामू कुशवाहा भाजपा युवा नेता भगवान दास शंखवार,जितेंद्र कुशवाहा , और कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। सभी ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. राधेश्याम कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को अपने बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने अब तक हजारों बेटियों का विवाह संपन्न कराकर एक मिसाल कायम की है, जिसके लिए उन्हें 'हजारों बेटियों के पिता' के रूप में जाना जाता है।

कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. सुनील कुशवाहा, डॉ. सुभाष शर्मा हर्षवर्धन,, राहुल सविता, निशांत गुप्ता, मुन्नालाल नेताजी और अन्य सहयोगियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह आयोजन समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है कि सामूहिक प्रयासों से बड़ी से बड़ी सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव है।

# रक्षा मंत्री तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा पर जाएंगे

**समाज जागरण**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 21 से 23 अप्रैल, 2026 तक जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान, रक्षा मंत्री अपने जर्मन समकक्ष श्री बोरिस पिस्टोरियस और सरकार के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

चर्चा का मुख्य उद्देश्य रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाना, सैन्य संबंधों को मजबूत करना और साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों की खोज करना होगा और दोनों रक्षा मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग हेतु कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इस दौरे से चल रही रक्षा सहयोग पहलों की समीक्षा करने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग के नए अवसरों की खोज का अवसर भी मिलेगा। श्री राजनाथ सिंह के जर्मनी के रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों से भी बातचीत करने की उम्मीद है, जिससे मेक-इन-इंडिया पहल के अंतर्गत संयुक्त विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। रक्षा मंत्री की यह यात्रा सात साल के अंतराल के बाद हो रही है। इससे पहले भारतीय रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में फरवरी 2019 में जर्मनी की यात्रा की गई थी। श्री बोरिस पिस्टोरियस ने जून 2023 में भारत की यात्रा की और साथ ही श्री राजनाथ सिंह के साथ व्यापक वार्ता की थी।

भारत और जर्मनी लोकतांत्रिक मूल्यों, विधि के शासन और नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित एक मजबूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं।

# लोक कल्याण के लिए भगवान परशुराम ने राजसी जीवन छोड़कर साधु जीवन अपनाया : अशोक भारद्वाज

**भगवान परशुराम का मत था कि शक्ति का उपयोग केवल धर्म व न्याय की स्थापना के लिए हो**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। स्थानीय महम गेट चौक पर भगवान परशुराम सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के द्वारा जयंती उत्सव मनाया गया। समाज और राष्ट्र को समर्पित सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा भी भगवान परशुराम को याद किया गया।



इस अवसर पर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि भगवान या महान पुरुष किसी जाति धर्म से नहीं जुड़े हुए होते। ये सर्व समाज के लिए पूज्य होते हैं। उनके सम्मान में हर वर्ग को आगे आना चाहिए। कहा कि भगवान परशुराम का जीवन त्याग, तप और धर्म की रक्षा का अद्भुत उदाहरण है। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने अन्याय और अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर समाज को संतुलन का संदेश दिया।

परशुराम जी का जीवन हमें सिखाता है कि शक्ति का उपयोग केवल धर्म और न्याय की स्थापना के लिए होना चाहिए। उन्होंने अपने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर समाज के कल्याण को सर्वोपरि रखा। उनके जीवन का एक प्रमुख प्रेरणा प्रसंग यह है कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने संकल्प और कर्तव्य से कभी समझौता नहीं किया। चाहे वह गुरु आज्ञा का पालन हो या अधर्म के विरुद्ध संघर्ष, उन्होंने हर बार अपने धर्म का पालन किया।

त्यागमयी जीवन का सबसे बड़ा उदाहरण उनका तप और साधना है। उन्होंने राजसी जीवन को छोड़कर साधु जीवन अपनाया और समाज को यह संदेश दिया कि सच्चा वैभव बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबल में होता है।

आज के समय में भगवान परशुराम का जीवन हमें प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में सत्य, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाएं। हमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए, लेकिन साथ ही संयम और विवेक भी बनाए रखना चाहिए। भगवान परशुराम का जीवन हमें यह सिखाता है कि त्याग, तप और धर्म के मार्ग पर चलकर ही हम एक श्रेष्ठ और संतुलित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

इस अवसर पर समाजसेवी टीके शर्मा, समाजसेवी सोनू शर्मा, विकास शर्मा , युवा कार्यकर्ता ललित लेघां, रविन्द्र शर्मा लेघां, अशोक स्वामी, समाजसेवी लक्ष्मण गौड़, कमल शर्मा, राजीव शर्मा, अशोक शर्मा, टिंकू आचार्य, शुभम शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# थोड़े वोटों से हारा हूं, दिल से नहीं—लोहारू के विकास में नहीं रहने दूंगा कमी: जेपी दलाल

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाताः महेन्द्र जावला**
**(बहल-लोहारू)**

तारीखः 19 अप्रैल पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि वे भले ही थोड़े से वोटों से चुनाव हारे हों, लेकिन दिल से नहीं हारे हैं और लोहारू क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहने देंगे।





रविवार को उन्होंने नलोई, सैनीवास, गैण्डावास, बख्तावरपुरा, गुढ़ा, मोहिला, बड़दू पूर्ण, अलाउद्दीनपुर भुगला, मनफरा, सेहर, बरालू, सिंघानी सहित कई गांवों का दौरा किया और शादी समारोहों में शामिल होकर नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि लोहारू के लघु सचिवालय के विस्तार एवं पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लोहारू किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य भी प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि लोहारू से दिल्ली एयरपोर्ट तक बंद पड़े हाईवे का निर्माण, बहल-लोहारू-सिवानी क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना तथा किसानों के खेतों में खजूर की खेती को बढ़ावा देने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। गांव गरवा में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से मछली पालन एवं अनुसंधान केंद्र का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि होगी।

पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय की भावना के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। किसानों को फसल उत्पादन के साथ प्रोसेसिंग पर भी ध्यान देना चाहिए, जिससे उनकी आमदनी बढ़ सके। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, सेना सशक्त हुई है और नई तकनीक का विस्तार जन-जन तक हुआ है।

इस अवसर पर अनेक पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन करते हुए पहुँची 85 वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 9 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी , 19 अप्रैल भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गांव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि



प्रत्येक रविवार श्री बालाजी धाम डोभ पर संकीर्तन,भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाता हैं जिसमे आंख जांच, दांत जांच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं

आज का पूरी सब्जी का भंडारा श्री इन्द्रजीत भगत रोहतक वा कढ़ी चावल का भंडारा पवन चोपड़ा द्वारा लगाया गया

संकीर्तन में दीपिका रोहतक पुनम सेन, अमित कोशिक द्वारा बालाजी का सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया गया रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर-सुन्दर झांकियों प्रस्तुत की गई

आगे प्रधान जी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 9 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की जाती हैं सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में दो जगह पड़ाव होता हैं पहला पड़ाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस एवं रास्ते में दुसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं

इस अवसर पर ,हर्षित कोचर,नवीन तनेजा,पवन शरीन ,बिट्टू दुआ रमेश गुप्ता रवि चिटकारा, विनोद गुप्ता ,वंश,खुशाल,पंडित नरेश कौशिक,राजेश गोयल, सुनील निमाड़ी,सूरेश पंडित, पवीत आनंद, बलजीत, मोहित, राजेश, बबलू अमित कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

# भारत विकास परिषद जैतो का शपथ पद ग्रहण समारोह 25 को होगा आयोजित

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ पंजाब)**

जैतो,19 अप्रैल : क्षेत्र की प्रसिद्ध मानवता को समर्पित समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो का वार्षिक अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह 25 अप्रैल को चौधरी चिरंजी लाल धर्मशाला में रात 7.30 बजे आयोजित किया जा रहा है। परिषद के पी.आर.ओ.रिंकू बिंदल के अनुसार इस पद ग्रहण समारोह में भारत विकास परिषद जैतो के लिए साल 2026-27 के लिए चुने गए अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला गीजीवाला के साथ उनकी नई टीम शपथ दिलाई जाएगी। इस बीच ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला ने बताया अपनी टीम का एलान किया है जिसमें पैटर्न मोहन लाल जिंदल एवं.आई.सी.वाले, उपाध्यक्ष सतीश गोयल व प्रवीण गर्ग, सचिव शंधाषू जिंदल, संयुक्त सचिव



अंकुश सिंगला व लक्ष्मी देवी, कोषाध्यक्ष कृष्ण मित्तल, संयुक्त भरत बांसल,आल प्रोजैक्ट चेयरमैन सुनील सिंगला व ममता जिंदल, स्टेज सचिव सुरेंद्र माहेश्वरी, कानूनी सलाहकार नीरज माहेश्वरी व संगीता शर्मा,स्टेट कार्यकारिणी सदस्य प्रहलाद राय गर्ग,विजय सिंगला, संजय मित्तल व मुकेश बांसल, सोसवा इंचार्ज रुलिया राम सिंगला व सुनील सिंगला, सेविंग सैंटर इंचार्ज ममता जिंदल, ब्यूटी केयर सैंटर का इंचार्ज अंजू मित्तल को बनाया गया है। जबकि कार्यकारिणी में उमा शंकर शर्मा एडवोकेट,कश्मीरी लाल गर्ग, अश्विनी अरोड़ा, मोहन लाल जिंदल, कुलभूषण सिंगला, पंकज शर्मा, विकास गोयल एवी, नरेश गोयल लविश सिंगला, अनुज रानी कांसल,रितू सिंगला व रेणु गर्ग को शामिल किया गया है। इसके अलावा पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है जिसमें रमेश मोंगा, जगदीश अरोड़ा, चंद्र अग्रवाल,मेजर सिंह व जगदीश बांसल को शामिल किया गया है। परिषद के पी.आर.ओ.रिंकू बिंदल ने कहा कि इस वार्षिक पद ग्रहण समारोह में नए चुने गए अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला गीजीवाला व उनकी टीम को शपथ दिलाने के लिए भारत विकास परिषद पंजाब के पदाधिकारी पहुंच रहे हैं।

# किसान संगठनों का बड़ा फैसला

**पंजाब व हरियाणा में मई में टोल प्लाजा 'पर्ची मुक्त' आंदोलन,7 मई को दिल्ली में संसद भवन तक पैदल मार्च**

**(पंजाब चंडीगढ़ रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़,19 अप्रैल :किसान भवन, चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के तहत एमएसपी खरीद गारंटी कानून, किसानों और मजदूरों की संपूर्ण कर्ज माफी, फ्री ट्रेड एग्रीमेंट समेत विभिन्न किसान मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में कृषि अर्थशास्त्री डॉ. टी. एन. प्रकाश कामारडी (कर्नाटक) ने विशेष रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए।बैठक में निर्णय लिया गया कि पंजाब और हरियाणा में किसानों के मुद्दों को लेकर चरणबद्ध तरीके से टोल प्लाजाओं को परची मुक्त किया जाएगा। इसके तहत 11 मई को फिरोजशाह टोल प्लाजा (फिरोजपुर-लुधियाना रोड), 18 मई को सोलखियां टोल प्लाजा (चंडीगढ़-अमृतसर रोड, रोपड़) और 29 मई को खुइयां टोल प्लाजा (डबवाली-दिल्ली रोड, सिरसा, हरियाणा) पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक परची मुक्त आंदोलन किया जाएगा। आगे भी इस संघर्ष को जारी रखते हुए नई तिथियां घोषित की जाएंगी।इसके अलावा, पंजाब में हाल ही में हुई ओलावृष्टि, भारी बारिश और आगजनी से खराब हुई फसलों के मुआवजे तथा मंडियों



में गेहूं की खरीद को सुचारू बनाने की मांग को लेकर 24 अप्रैल को पंजाब के सभी उपायुक्तों (डीसी) को मांग पत्र सौंपे जाएंगे।बैठक में भारत द्वारा अमेरिका के साथ किए गए कर-मुक्त व्यापार समझौते, बिजली संशोधन बिल 2025, सीड बिल और किसान आंदोलन (भाग-1 और भाग-2) की लंबित मांगों पर भी चर्चा की गई। किसानों ने एमएसपी पर उ2+50% के आधार पर फसल मूल्य सुनिश्चित करने के लिए लंबे संघर्ष को जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इंदरजीत सिंह कोटबुड्ढा, सुखजीत सिंह हरदोजंडे, गुरिंदर सिंह भंगू, लखविंदर सिंह औलख, गुरसेवक सिंह धालीवाल, मलकीत सिंह सेखों, जगजीत सिंह मंड, नरेंद्र पाल सिंह भंगू, रणजीत सिंह, गुरपिंदर काहलो, हीरा सिंह भिखीविंड, कुलवीर सिंह मोहाली, रणजीत सिंह भागो माजरा सहित अन्य किसान नेताओं ने पंजाब और हरियाणा में किसानों की खराब हो रही फसलों और उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि सजा पूरी कर चुके बंदी सिंहों की रिहाई के लिए चल रहे ह्लकौमी इंसाफ मोर्चाह्व के तहत 7 मई को गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब, दिल्ली से संसद भवन तक काले कपड़े पहनकर और प्रतीकात्मक रूप से जंजीरों में बंधकर पैदल मार्च निकाला जाएगा, जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) भी शामिल होगा।किसान नेताओं ने कहा कि पूंजीपतियों द्वारा किसानों और मजदूरों पर किए जा रहे आर्थिक हमलों के खिलाफ देशव्यापी एकता को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

# एडवोकेट धामी ने इटली के गुरुद्वारा साहिब के बाहर दो सिखों की हत्या की कड़ी निंदा की

**विदेशों में हो रही ऐसी घटनाएं बहुत चिंता की बात - एडवोकेट धामी**

**(पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 19 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, इटली के गुरुद्वारा साहिब के बाहर दो सिखों राजिंदर सिंह और गुरमीत सिंह की गोली मारकर हत्या की घटना की शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। एडवोकेट धामी ने कहा कि इटली के गुरुद्वारा साहिब माता साहिब कौर जी कोवो (बैरगामो) के बाहर ऐसा हुआ है। यह घटना देश और विदेश के सिखों के लिए बहुत चिंता की बात है। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि पूरी दुनिया में सिखों ने गुरुओं के दिखाए रास्ते पर चले हैं। रास्ते में आपसी मेलजोल और भाईचारा हमेशा मजबूत रहा है।



गुरुद्वारों के जरिए लोगों की भलाई के कामों में हमेशा बड़ी भूमिका निभाई है। गुरुद्वारा साहिब, जहां हमेशा दुनिया भर में एकता का संदेश मिलता है, वहां ऐसी कोई घटना न हो। ऐसा होना बहुत गंभीर बात है। इसलिए भारत सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने इटली सरकार से भी इस घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने राजिंदर सिंह और गुरमीत सिंह के परिवारों के साथ सहानुभूति भी जताई।

# फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर हैरिटेज लोको बना आकर्षण का केंद्र, यात्रियों के लिए लगाया गया सेल्फी प्वाइंट

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,19 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा एतवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि रेलवे बोर्ड के निदेर्शानुसार, विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में फिरोजपुर मंडल द्वारा 17 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक विभिन्न जागरूकता एवं आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 18 अप्रैल 2026 को फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर विशेष पहल करते हुए ऐतिहासिक धरोहर हेरिटेज लोको का सौंदर्यीकरण यात्रियों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा।स्टेशन परिसर में स्थापित इस हेरिटेज लोको को पारंपरिक स्वरूप में सजाया-संवारा गया, जिससे रेलवे के गौरवशाली इतिहास की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस अवसर पर यात्रियों की सहभागिता




बढ़ाने के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गया, जहां यात्रियों विशेषकर युवाओं ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लेकर इस विशेष दिन को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को हेरिटेज लोको के ऐतिहासिक महत्व एवं भारतीय रेल की समृद्ध विरासत के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

# चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व छात्र नरदेव का राष्ट्रीय अभिलेखागार में सहायक पुरालेखपाल के पद पर हुआ चयन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के लिए यह गर्व का क्षण है कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नरदेव ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर नई दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार में सहायक पुरालेखपाल के पद पर कार्यभार संभाला है।






**शैक्षणिक सफर और उपलब्धि**

नरदेव विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के 2018-20 बैच के छात्र रहे हैं । उन्होंने प्रारंभिक से माध्यमिक शिक्षा गांव से तथा स्नातक की शिक्षा एमएनएस कॉलेज भिवानी से की है। नरदेव की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव और इतिहास विभाग के प्राध्यापकों ने उन्हें बधाई दी है। विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के चेयरपर्सन एवं डीन डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि नरदेव इतिहास विभाग के एक अनुशासित और जिज्ञासु छात्र रहे हैं। उनकी नियुक्ति यह सिद्ध करती है कि इतिहास केवल अतीत को पढ़ना ही नहीं, बल्कि उसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखने का एक बेहतरीन कैरियर विकल्प भी है।"

अपनी इस नियुक्ति पर गांव बागनवाला निवासी नरदेव ने बताया कि उनके पिता जी दिलबाग सिंह एक छोटे किसान हैं और मां सामान्य गृहिणी हैं । उन्होंने यह सफलता अपने माता पिता के विश्वास एवं संघर्ष से तथा गुरुजनों के मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है। इस अवसर पर प्रो. रविप्रकाश, डॉ समुंदर हुड्डा उपस्थित रहे।

# जीवन में प्रोफेशनल के संग-संग वर्क लाइफ में भी बैलेंस जरूरी: डॉ. तापस

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी एवं एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से एल्युमिनाई टाक**

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग के एल्युमिनाई एवम् ऑप्टम यूनाइडेट हेल्थ ग्रुप, नोएडा के सीनियर क्लिनिकल इन्वेस्टिगेटर डॉ. तापस साहा ने प्रोफेशनल लाइफ और वर्क-लाइफ बैलेंस के महत्व पर जोर देते हुए कहा, एक सफल करियर के साथ-साथ मानसिक संतुलन, समय प्रबंधन और व्यक्तिगत जीवन का संतुलन बनाए रखना भी अत्यंत आवश्यक है। डॉ. साहा ने मेडिकल कोडिंग के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों पर प्रकाश डालते हुए बताया, किस प्रकार फिजियोथेरेपी पृष्ठभूमि के स्टुडेंट्स इस क्षेत्र में सफल करियर बना सकते हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं, स्किल डवलपमेंट और करियर ग्रोथ से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी



दी। डॉ. साहा डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी एवं एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से आयोजित एल्युमिनाई टाक में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व डॉ. तापस साहा, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, एआरसी के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ माथुर आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सवाल-जवाब का दौर भी चला। प्रो. शिवानी एम. कौल ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। एल्युमिनाई टाक में डॉ. नंद किशोर साह, डॉ. नीलम चौहान, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. सिमरन सक्सेना, डॉ. प्रतिभा सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन स्टुडेंट्स- विकास कुमार और सौम्या जैन ने किया।

# टीएमयू एजुकेशन फैकल्टी के कल्चर फेस्ट नवरंग 5.0 का रंगारंग शंखनाद, जुटे दिग्गज

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के शिक्षा संकाय में कल्चर फेस्ट नवरंग 5.0 का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के बीच डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो.एमपी सिंह के बतौर मुख्य अतिथि किया। 21 अप्रैल तक चलने वाले महोत्सव में क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टैग का वार, शतरंज,कैरम जैसी विविध प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए समय-समय पर अनुभवी निर्णायक मंडल उपस्थित रहा। इस मंडल में नर्सिंग कॉलेज की प्रो. एस.पी. सुभाषिनी,डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल प्रो. अंकिता जैन, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. सुशील कुमार, पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, प्रो. रुचि कांत,शिक्षा संकाय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। इससे पूर्व डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो.एमपी सिंह ने क्रिकेट के खिलाड़ियों से परिचय लेकर और बैटिंग करके क्रिकेट का श्रगणेश किया।






बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन उद्बोधन में प्रो. सिंह ने कहा, नवरंग 5.0 जैसे आयोजन स्टुडेंट्स के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ स्टुडेंट्स के व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाती हैं। नवरंग 5.0 केवल खेलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियां भी शुमार रहीं । इस महोत्सव के अंतर्गत रंगोली, मेहंदी, भाषण, वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट और काव्य गोष्ठी जैसी प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें स्टुडेंट्स की रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। नवरंग समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुगंध जैन और खेल समन्वयक डॉ. रवि प्रकाश सिंह के अलावा श्री दीपक मलिक, डॉ. शैफाली जैन, डॉ. पूनम चौहान, डॉ. नाहीद बी, डॉ. हर्ष वर्धन, श्री धर्मेंद्र सिंह, डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार पाण्डेय, श्री महेश कुमार, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, डॉ. पावस कुमार मंडल, श्रीमती शिवांकी रानी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# अमिषी सरनकर का सुयश

**समाज जागरण**

कार्मेल कान्वेंट स्कूल ओपीएम में अध्यनरत प्रतिभाशाली छात्रा अमिषी सरनकर ने 10th में 93.4 अंक प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम गर्व से ऊंचा किया उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र में खुशी उत्साह का माहौल बना दिया अमिषी बँगवार भूमिगत खान में कार्यरत वरिष्ठ ओवरमैन जीतेश सरनकर माता आरती सरनकर की सुपुत्री है, अमिषी वर्तमान में मैक्रो विजन अकादमी बुरहानपुर में 11th की पढ़ाई के साथ IIT की तैयारी कर रही है उनके इस उपलब्धि पर दादा दादी शुशीला रामराव सरनकर,चाचा रितेश कपिल,बुआ विजयश्री एवं पूरे परिवार स्कूल के शिक्षक शिक्षका ने बधाईया दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना किये !



# दुबे परिवार नरवार में बह रही श्री मद भागवत की रस धारा

## धर्म स्थापना के लिए विभिन्न स्वरूपों में अवतार लेते हैं प्रभु

**समाज जागरण**

उमरिया --- श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिवस के अवसर पर भगवान कृष्ण के जन्म अवतार से लेकर कंस उद्धार की कथा का वर्णन करते हुए कहा व्यास जी के स्थान पर विराजित भागवताचार्य पं मानवेंद्र जी ने कहा कि मथुरा के राजा कंस अनाचारी था, जो की प्रजा के साथ अत्याचार करते हुए अपने पिता उग्रसेन, बहन देवकी पति वसुदेव को कारावास में डाल



कर रखा था, देवकी के सात पुत्रों को मार दिया था, तब भगवान विष्णु देवकी नंदन के रूप में अवतार लिया, जिन्हें मारने के लिए अथक प्रयास किया और षडयंत्र करते हुए मेले के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा आमंत्रित कर षड्यंत्र पूर्वक उनका वध करना चाहता था , लेकिन कंस ऐसा कर नहीं सका और भगवान कृष्ण ने ही आतातायी कंस का उद्धार कर दिया। कारावास में कैद उग्रसेन, देवकी, और वसुदेव को मुक्त कर दिया गया। उग्रसेन को मथुरा के राज्य सिंहासन पर बैठा दिया मथुरा को धर्ममयी बना दिया , तत्पश्चात भागवताचार्य मानस रस मर्मज्ञ ने प्रभु लीला के अगले सोपान भागवत के दशवे स्कंध के 53 और 54 अध्याय का बखान करते हुये सप्त पदी रूक्मिणी के लिखे पत्र का श्री मुखारविंद से शास्तीय विधा से उच्चारण करते हुए उसका विस्तार से भावार्थ बतलाया। मानस मर्मज्ञ ने रूकमणि कृष्ण विवाह के पूर्व कुलदेवी अंबा की पूजा, रूकमणि हरण और व्दारिका में विवाह की कथा सूक्ष्म तम वर्णन किया गया। इन दिनों नरवार की गलियों में श्री मद भागवत की कथा भागवताचार्य पं मानवेंद्र जी के माधुर्य रसभरी कोकिला वाणी भक्ति रस भरी संयुक्त रूप से गुंजायमान हो रहीं हैं।

# परशुराम जयंती के अवसर पर पूजन अर्चन, जयकारें से गुंजा नगर

**दैनिक समाज जागरण**

अमलाई। भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं शस्त्र-शास्त्र के प्रतीक भगवान परशुराम की जयंती पर वर्तमान तीन गांधीनगर में पूजन अर्चन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। जयंती की पूर्व संध्या पर सोडा फैक्ट्री गेट के सामने जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया और पूरे विधि विधान के साथ भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया गया, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जय परशुराम और वीर परशुराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। विधिवत आरती के साथ समापन हुआ। इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया श्रद्धालुओं ने भगवान से समाज में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।इस आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की बड़ी भागीदारी रही, जो पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।




# हरदुआ घाट में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं विष्णु महायज्ञ का भव्य समापन, भक्ति में डूबा पूरा क्षेत्र

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह हरदुआ घाट क्षेत्र में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं विष्णु महायज्ञ का समापन अत्यंत भव्य और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जहां भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।



समापन दिवस पर यज्ञ में स्वाहा की आहुति दी गई, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा–धोती-कुर्ता धारण कर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था और सम्मान प्रकट करते नजर आए। यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन सम्पन्न हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं को उनकी बाल लीलाओं से लेकर महाभारत काल तक की दिव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह संपूर्ण आयोजन आचार्य श्री मृदुल बिहारी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिनके प्रवचनों ने भक्तों के मन में धर्म और भक्ति के प्रति नई चेतना जागृत की।

श्री श्री 1008 हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बच्चों के लिए मेले का भी आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने झूलों और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया।

समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पहले कन्या भोज और उसके पश्चात ब्राह्मण भोजन कराया गया। इसके बाद सभी क्षेत्रवासियों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने भगवान से क्षेत्र की उन्नति और समृद्धि की कामना की।


कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत कुंअरपुर के सरपंच प्रतिनिधि सहित क्षेत्र के नागरिकों का विशेष योगदान रहा। विधायक प्रतिनिधि श्री भरत पटेल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सहयोग की अपील की। वहीं हटा विधायक उमा देवी खटीक भी पूरे कार्यक्रम के दौरान लगातार उपस्थित रहीं और आयोजन की सराहना की।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में बड़ा चेहरा उभरा, मो. अहमद सिद्दीकी बने प्रदेश महामंत्री

## संगठन में नई धार लाने की तैयारी, सिद्दीकी पर जताया गया मजबूत भरोसा

**समाज जागरण**

मध्यप्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक बदलावों के बीच अल्पसंख्यक विभाग को लेकर एक अहम फैसला सामने आया है। पार्टी ने एडवोकेट मो. अहमद सिद्दीकी को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए साफ संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने की रणनीति तेज की जा रही है।यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश तथा विभाग प्रभारी निजामुद्दीन कुरैशी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष एड. शेख अलीम द्वारा की गई है।मो. अहमद सिद्दीकी का राजनीतिक सफर लंबे समय से सक्रिय और प्रभावशाली रहा है। उन्होंने एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, जिला



अध्यक्ष, शहर कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस विधिक प्रकोष्ठ में प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।यही कारण है कि संगठन में उनकी पहचान एक जमीनी, कर्मठ और भरोसेमंद नेता के रूप में स्थापित हुई है।राजनीतिक जानकारों की मानें तो यह कदम आगामी चुनावी समीकरणों और अल्पसंख्यक वर्ग में पार्टी की पकड़ मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।सिद्दीकी की नियुक्ति को संगठन में नई ऊर्जा और आक्रामकता लाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि सिद्दीकी अपने अनुभव और संगठनात्मक कौशल के दम पर कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं को आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएंगे और कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करेंगे।इस नियुक्ति पर पूर्व विधायक अजय सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष विजय कोल, जिला बार काउंसिल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश शर्मा सहित ओमकार सिंह, त्रिभुवन प्रताप सिंह, मुख्तियार खान, शारदा गौतम, ओपी द्विवेदी, निरंजन प्रताप सिंह,अशोक गौटिंया, नासिर अंसारी और संजीव खंडेलवाल समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है। पार्टी कार्यकताओं में भी इस फैसले को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# मैहर: शारदा देवी धाम के आसपास अवैध शराब बिक्री की चर्चा तेज, प्रशासन पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

मैहर। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शारदा देवी धाम के आसपास इन दिनों अवैध शराब बिक्री को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार मंदिर क्षेत्र से लगे कई इलाकों में किराना दुकानों की आड़ में खुलेआम देशी और अंग्रेजी शराब बेची जा रही है।

बताया जा रहा है कि देवी जी चौकी के सामने तथा पीछे की बस्तियों–आंध्र टोला और महाराजनगर–में बेखौफ तरीके से शराब का कारोबार संचालित हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब गतिविधियां दिनदहाड़े हो रही हैं, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है।

सूत्रों का यह भी दावा है कि अवैध शराब बिक्री के मामले में कार्रवाई को लेकर दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है। आरोप है कि एक विशेष समूह से जुड़े लोगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, जबकि अन्य क्षेत्रों से जुड़े विक्रेताओं पर कार्रवाई कर उन्हें पकड़वाया जाता है।

नियमों के अनुसार धार्मिक नगरी के आसपास शराब दुकानों को निर्धारित दूरी (करीब 8 किलोमीटर) से बाहर होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में कई अधिकृत ठेके भी इस सीमा के भीतर संचालित बताए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ दुकानों के लाइसेंस किसी अन्य स्थान के हैं, जबकि संचालन दूसरी जगह किया जा रहा है।

इस पूरे मामले को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो धार्मिक स्थल की गरिमा और कानून व्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# प्रदेश टॉपर को डिजिटल तोहफा, 400 किमी चलकर पहुंचे समाजसेवी, टैब भेंट कर बढ़ाया हौसला

**दैनिक समाज जागरण**

**स्थान: अनूपपुर/पन्ना (मध्यप्रदेश)**

मध्यप्रदेश में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। अनूपपुर जिले के बरंगवा नगर परिषद वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद एवं समाजसेवी पवन चीनी ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए करीब 400 किलोमीटर का सफर तय कर पन्ना जिले की प्रदेश टॉपर छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी के घर पहुंचकर उसे सम्मानित किया।



गौरतलब है कि प्रतिभा सिंह सोलंकी ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा प्रदेश गौरवान्वित हुआ है।

जैसे ही यह जानकारी पवन चीनी को मिली, उन्होंने तुरंत छात्रा को सम्मानित करने का निर्णय लिया। वे अपने सहयोगियों के साथ लंबी दूरी तय कर सीधे पन्ना पहुंचे और प्रतिभा के घर जाकर उसे बधाई दी। इस दौरान उन्होंने प्रतिभा को एक टैब भेंट किया, ताकि उसकी आगे की पढ़ाई में डिजिटल संसाधनों की कोई कमी न रहे।

इस अवसर पर पवन चीनी ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं ही प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने प्रतिभा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग दिया जाना चाहिए।

क्षेत्र में कलयुग के दानवीर कर्ण के रूप में पहचान बना चुके पवन चीनी लगातार जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं। उनका यह प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। यह पहल इस बात का उदाहरण है कि यदि समाज के सक्षम लोग आगे आकर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें, तो वे और भी ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

# युवाओ द्वारा चलाया गया पक्षी मित्र अभियान सराहनीय- कलेक्टर

- पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी- राखी सहाय
- युवाओं ने कलेक्टर को भेंट की तुलसी का पौधा व सकोरा




**समाज जागरण**

उमरिया -कलेक्टर राखी सहाय को युवाओं ने गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सकोरा व तुलसी का पौधा भेंट किया तथा युवाओं ने समर कैंप,पक्षी मित्र अभियान व पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर राखी सहाय ने कहा कि पक्षी मित्र अभियान व भीषण गर्मी में जल प्रदान करना युवा टीम उमरिया की सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घरों में छोटे बच्चे का पालन पोषण कर उसके युवा होने में अपनी पूरी सामर्थ्य क्षमता का योगदान देते है। पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण का कार्य हम सभी मिलकर करते हैं उसी प्रकार हम सभी को पशु पक्षियों के संरक्षण का भी कार्य करना होगा जिससे हमारा पर्यावरण संतुलित रहे।

इसी प्रकार अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर पक्षी मित्र हिमांशु तिवारी,राहुल सिंह,महेंद्र तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सामूहिक कन्या विवाह सामाजिक समरसता और सद्भाव का प्रतीक- विधायक

## सामूहिक कन्या विवाह से समाज में सादगीपूर्ण एवं आदर्श विवाह को मिल रहा बढ़ावा- जनपद अध्यक्ष

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल।जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत रसपुर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 198 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया और परिणय सूत्र में बंधे। आयोजन स्थल पर पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवदंपतियों को माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं पुष्पवर्षा कर उनके सुख, समृद्धि और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शरद कोल ने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता और सद्भाव का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन समाज में समानता, सादगी और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, "अक्षय तृतीया का पावन अवसर अत्यंत शुभ होता है और इस दिन किए गए प्रत्येक शुभ कार्य का फल अक्षय होता है।उन्होने कहा कि यह आयोजन सभी नवविवाहित जोड़ों के लिए मंगलकारी सिद्ध होगा।" उन्होंने विवाह संस्कार को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि सामूहिक विवाह से अनावश्यक खर्चों में कमी आती है और सभी को अपनी खुशियां साझा करने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती आकांक्षी सिंह ने कहा कि सामूहिक कन्या विवाह समारोह का उद्देश्य समाज में सादगीपूर्ण एवं आदर्श विवाह को बढ़ावा देना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से एक ही मंच पर अनेक जोड़ों का विवाह विधिवत संपन्न कराया जाता है, जिससे सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से जहां एक ओर विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का भी सशक्त संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान नवदंपतियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के प्रतीक स्वरूप चेक एवं गृहस्थ जीवन की आवश्यक सामग्री प्रदान की गई, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरूआत सुगमता से कर सकें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन पर की गई कार्यवाही, दो वाहन जब्त

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन एवं खनिज अधिकारी राहुल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने सोहागपुर तहसील क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाकर दो वाहनों को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खनिज निरीक्षक ऋषिकेश सहाय के नेतृत्व में गठित दल द्वारा सोहागपुर तहसील अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर एवं बिचारपुर क्षेत्र में जांच की गई। इस दौरान गत दिवस ग्राम कल्याणपुर में वाहन क्रमांक एमपी 18 एच 5414 (10 चक्का हाइवा) को रोका गया। जांच के दौरान वाहन चालक द्वारा खनिज परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिस पर वाहन को जप्त कर धनपुरी थाना परिसर में सुरक्षा हेतु खड़ा कराया गया। इसी प्रकार ग्राम बिचारपुर में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एक अन्य वाहन ट्रैक्टर-ट्रॉली (क्रमांक एमपी 18 जेडएफ 6617) को भी जांच के दौरान रोका गया। वाहन चालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उक्त वाहन को भी जप्त कर धनपुरी थाना में सुरक्षित रखा गया। खनिज विभाग द्वारा दोनों मामलों में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# जमीनी विवाद में चली दनादन गोलियां : पिता–पुत्र गंभीर, जबलपुर रेफर

## एक दर्जन से ज्यादा फायरिंग राउंड : कई आरोपी नामजद, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। देहात थाना क्षेत्र के हरद्वानी गांव में शनिवार देर रात जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक शादी समारोह के दौरान पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई, जिसमें 52 वर्षीय नरेश पटेल और उनके 30 वर्षीय पुत्र सत्य प्रकाश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सत्य प्रकाश को सिर के पास गोली लगी, जबकि नरेश के हाथ में गोली धंसी। अधिक रक्तस्राव के चलते ड्यूटी डॉक्टर मधुर चौधरी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**शादी में मचा हड़कंप, 18 राउंड फायरिंग का आरोप**

घटना उस समय हुई जब गांव में एक शादी समारोह चल रहा था और दोनों पक्ष वहां मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक शुरू हुई फायरिंग से समारोह स्थल पर भगदड़ मच गई। परिजनों का आरोप है कि देवी पटेल, गुड्डू पटेल, अखिलेश पटेल, नरेंद्र पटेल, अमर पटेल, सहित अन्य लोगों ने मिलकर करीब 18 राउंड गोलियां चलाईं।



**बेटे की चीख सुन दौड़े पिता, खुद भी बने निशाना**

घायल नरेश पटेल ने बताया कि वे अपने बेटे के साथ गांव में ही रिश्तेदारी में गए थे। घर के पास पहुंचते ही बेटे की चीख सुनाई दी कि उसे गोली मार दी गई है। जब वे मौके पर पहुंचे तो बेटा घायल पड़ा था। इसी दौरान आरोपियों ने उन पर भी फायरिंग कर दी, जिससे वे भी घायल हो गए।

**पुराने जमीन विवाद की रंजिश**

परिजनों के अनुसार पटेल परिवार के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

**पुलिस की कार्रवाई तेज, गांव में तैनाती**

घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना टीआई अमित कुमार गौतम और कोतवाली टीआई मनीष कुमार अस्पताल पहुंचे और घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सीएसपी के निर्देशन में गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है और स्थिति को देखते हुए पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।

# विशाल शौर्य यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह जिलें के विकास खंड हटा अंतर्गत आने बाले ग्राम रनेह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन लोधी क्षत्रिय समाज के हटा ब्लॉक अध्यक्ष जगत सिंह जी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

बैठक में श्रद्धेय राजा हिरदेशाह लोधी जी एवं राजा डेलन शाह जी के बलिदान, शौर्य और त्याग को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह शौर्य यात्रा समाज के गौरवशाली इतिहास को उजागर करने और नई पीढ़ी को अपने वीरों से परिचित कराने का एक सशक्त माध्यम बनेगी।




कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार करते हुए बताया गया कि 28 अप्रैल को भोपाल के जम्बूरी मैदान में विशाल स्तर पर समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए गांव-गांव संपर्क अभियान चलाया जा रहा है तथा अधिक से अधिक लोगों को शौर्य यात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही यात्रा में अनुशासन, एकता और भव्यता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठक में उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारियां ली गईं युवाओं से विशेष रूप से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया। अंत में सभी सामाजिक बंधुओं ने एकजुट होकर शौर्य यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया।

# प्रीतेश साहू का शानदार प्रदर्शन, 94.6% अंक से किया नाम रोशन

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रीतेश साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 473 अंक (94.6%) प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। प्रीतेश साहू की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। वे हटा निवासी समाजसेवी पन्नालाल साहू के नाती एवं दीपक साहू व श्रीमती नीता साहू के पुत्र हैं। परिवार के अच्छे संस्कार और मार्गदर्शन में प्रीतेश ने यह सफलता अर्जित की है। साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों ने प्रीतेश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# गरीबों पर बोझ बनी स्मार्ट मीटर की प्रीपेड व्यवस्था, पोस्टपेड बहाली की जोरदार मांग

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जनपद के सामाजिक कार्यकर्ता राकेश केशरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को एक विस्तृत पत्र भेजकर स्मार्ट मीटर की प्रीपेड (रिचार्ज आधारित) व्यवस्था को तत्काल समाप्त कर पूर्व की पोस्टपेड प्रणाली बहाल करने की जोरदार मांग की है। उन्होंने इस व्यवस्था को गरीब, आदिवासी और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए ह्लअव्यवहारिक और जनविरोधीह्व बताते हुए सरकार से संवेदनशील हस्तक्षेप की अपील की है।अपने पत्र में राकेश केशरी ने स्पष्ट किया कि सोनभद्र जैसे आदिवासी बाहुल्य और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्र में अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी, खेती या छोटे-मोटे कामों पर निर्भर हैं। ऐसे में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को रिचार्ज आधारित बना देना उनके जीवन को और कठिन बना रहा है। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के लागू की गई यह व्यवस्था लोगों में असंतोष और असुरक्षा की भावना पैदा कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रीपेड सिस्टम में बैलेंस खत्म होते ही अचानक बिजली कट जाना सबसे बड़ी समस्या बनकर सामने आया है। इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, बुजुर्गों और बीमारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही, अनियमित आय वाले परिवारों के लिए बार-बार रिचार्ज कराना संभव नहीं हो पाता, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां डिजिटल सुविधाएं भी सीमित हैं। राकेश केशरी ने यह भी कहा कि पहले की पोस्टपेड व्यवस्था में उपभोक्ताओं को बिल मिलने के बाद भुगतान का समय मिलता था, जिससे आर्थिक संतुलन बना रहता था। लेकिन वर्तमान प्रणाली ने इस मानवीय लचीलापन को समाप्त कर दिया है, जिससे गरीब परिवार सीधे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि यह मुद्दा केवल तकनीकी बदलाव का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और जनहित से जुड़ा हुआ है। यदि समय रहते इस पर निर्णय नहीं लिया गया तो यह जनमानस द्वारा व्यापक जन आक्रोश का कारण बन सकता है। अपने निवेदन में उन्होंने सरकार से मांग की है कि सोनभद्र सहित प्रदेश के सभी पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था को तत्काल समाप्त कर पोस्टपेड प्रणाली बहाल की जाए। साथ ही, उपभोक्ताओं को विकल्प देने और गरीब वर्ग के लिए विशेष राहत नीति लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है, ताकि कोई भी परिवार बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित न रहे ।पत्र की प्रतिलिपि ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा, यूपीपीसीएल चेयरमैन, जिलाधिकारी सोनभद्र एवं संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। स्थानीय स्तर पर इस मुद्दे को लेकर लोगों में चर्चा तेज हो गई है और उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस जनहित से जुड़े विषय पर गंभीरता से विचार कर जल्द ही कोई सकारात्मक निर्णय लेगी।

# चोपन थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के वजह से क्षेत्र में भय का माहौल

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पुल पार स्थित पटवध ग्रामसभा (वाराणसीझ्शक्तिनगर मार्ग) पर एक बार फिर चोरों ने बेखौफ होकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान के साथ लगभग 40 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मकान मालिक रात करीब 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर पहुंचे थे। इसी दौरान चोरों ने सुनियोजित तरीके से घर में घुसकर दोनों कमरों का ताला तोड़ दिया और आराम से चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो पीड़ित के होश उड़ गए।

पीड़ित आयुष तिवारी ने बताया कि वह खून जांच की लैब खोलने की तैयारी कर रहे थे, जिसके लिए जरूरी उपकरण पहले ही खरीद चुके थे। चोर उनके कमरे से कंप्यूटर, नया प्रिंटर, कीबोर्ड सहित अन्य जरूरी सामान उठा ले गए, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। वहीं बगल के कमरे से दो गैस सिलेंडर (एक खाली) सहित अन्य सामान भी चोरी कर लिया गया।


घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और औपचारिक छानबीन के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर लौट गई। पीड़ित का आरोप है कि इससे पहले भी उनकी मोबाइल दुकान में चोरी हो चुकी है, लेकिन अब तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने चोरी की घटना की लिखित शिकायत चोपन थाना में दे दी है और जल्द से जल्द मामले के खुलासे की मांग की है। उल्लेखनीय है कि अभी माह पूरा भी नहीं हुआ है कि थाना क्षेत्र में चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले एक आभूषण व्यापारी के घर में लाखों के गहनों की चोरी हो चुकी है, जिसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है। लगातार हो रही चोरियों से आमजन में डर का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा पुराने मामलों का शीघ्र खुलासा कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर लोगों का भरोसा बहाल हो सके।

वहीं चोपन थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पटवध ग्रामप्रधान राजेंद्र प्रसाद के निधन से ग्रामीणों में शोक की लहर

## - तीन बार के कड़ी संघर्ष के बाद मिली थी कामयाबी

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। चोपन विकासखंड के ग्राम पंचायत पटवध के ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद (65वर्ष) का रविवार की देर रात्रि तकरीबन 2 बजे लंबी बीमारी के पश्चात असामयिक अकस्मात निधन हो गया।बीमारी से ग्रसित ग्रामप्रधान राजेंद्र प्रसाद का इलाज वाराणसी के बीएचयू में चल रहा था। निधन की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चले कि राजेंद्र प्रसाद वर्तमान में पटवध के ग्राम प्रधान थे तथा तीन बार के कड़े संघर्षों के बाद उन्होंने यह कामयाबी पाई थी। हर बार दूसरे स्थान पर रहने वाले राजेंद्र प्रसाद धईकार वर्तमान में ग्राम प्रधान थे तथा अपना कार्यकाल भी पूरा नहीं कर पाये थे।इनके असामयिक निधन से ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह से ही श्रद्धांजलि, शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का ग्राम प्रधान के दरवाजे पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ओबरा ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ओबरा द्वारा रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।इस दौरान ब्राह्मण समाज कार्यालय ओबरा पर ब्राह्मण बंधु एकत्रित होकर भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की और उनके आदर्शों को याद किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नंदलाल पांडेय ने कहा कि अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है। यह दिन ज्ञान, साहस और अन्याय के अंत का प्रतीक है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी (अमर) माना जाता है, जिन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की थी।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के देवानन्द मिश्र, डॉ एके पाण्डेय, उमा शंकर तिवारी, डॉ जीएन पाठक,अगस्त शुक्ला, नरसिंह त्रिपाठी, एल बी पाण्डेय, श्याम जी पाठक, कृष्ण मोहन तिवारी, कृपा शंकर देव पाण्डेय, परमेश्वर पाण्डेय, संजीव धर दूबे, लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, जवाहर पाण्डेय पुनीत पाण्डेय साहित तमाम ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा पर्व धूमधाम से संपन्न, शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध श्री कैलाश मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम का जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण किया गया। जिले के प्राचीन श्री कैलाश मंदिर और अन्य शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। उन्होंने धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ भगवान शिव की आराधना की और प्रदेश व जनपद की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री द्वारा तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को रवाना किए जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और देखा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चंद, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार भारती और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यदोष मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जनपद में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्राप्त हुई, जिससे क्षेत्र में आस्था और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# भगवान श्री परशुराम जयंती का हुआ आयोजन, जिले एवं अन्य जगह के ब्राह्मण समाज के लोग रहे उपस्थित

**समाज जागरण**




(समाज जागरण) दुद्धी/सोनभद्र। दुद्धी नगर पंचायत के गृह मे रविवार को भगवान श्री परशुराम की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पं विजयलक्ष्मी शुक्ला (राष्टीय कथावाचिका) रही।मनोज मिश्रा एड ने भगवान परशुराम के बारे मे विस्तार से विप्र बंधुओ को बताया कि भगवान विष्णु के छटे अवतार परशुराम थे और उनके फरसा लेने की वजह से उनका नाम परशुराम पड़ा।उसके पहले उनका नाम राम था।रामलोचन तिवारी एड ने परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवनी के बारे मे सभी लोगो को अपने बातो से बताया।उसके तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कथावाचिका पं विजयलक्ष्मी शुक्ला ने भगवान परशुराम के जीवनी सहित वसुधैव कुटुंबकम का नारा देते हुए सभी मानव समाज के विकास के बारे मे विधिवत रूप से बताया।

परशुराम जंयती के अवसर पर कुछ और वक्ताओ ने भगवान श्री परशुराम के जीवनोत्सव पर अपने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर उपस्थित ब्राह्मण समाज (विप्र)के विष्णुकांत तिवारी एड, चेयरमैन कमलेश मोहन, रामजी पांडेय, अजय मिश्रा, राजेश चौबे, रामदेव तिवारी,आंनद कुमार त्रिपाठी, प्रवीण द्विवेदी, प्रशांत दुबे एड आदि विप्र बंधु मौजूद रहे।

# खलिहान एवं घर में लगी आग, घर गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक

## लाखों का हुआ नुकसान, खुले आसमान के नीचे रहने के लिए हुए विवश

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के बेलछ ग्राम पंचायत के अकेलवा टोला में दोपहर 1 बजे के लगभग गंगाराम पुत्र स्व. बुध्दिराम भूईहार के खलिहान और कच्चे मकान की झोपड़ी में अकस्मात आग लगने से धूं - धूं कर जलने लगा। ग्रामीणों द्वारा डायल पीआरबी 112 पुलिस सूचना दी गई।आग बुझाने का ग्रामीणों ने भरपूर प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका जिससे खलिहान में रखा अरहर,चना आदि अनाज समेत पूरा घर -झोपड़ी भयंकर आग की लपटो से घिर गया और घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया।आग की लपटों ने घर के अंदर रखा गेंहू, चावल, चना, अरहर, कपडा के साथ ही साथ झोपड़ी जलकर खाक हो गया।सूचना पाकर इलाका लेखपाल भी मौके पर पहुंच गए। आगलगी की इस घटना से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने के लिए विवश है।

इस सम्बंध में प्रबुद्ध ग्रामीणों ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाये जाने की मांग की है।

# केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा, सोनभद्र ने मनायी परशुराम जयन्ती- संजय मिश्रा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा, सोनभद्र कार्यालय-बभनौली कालोनी, नियर चण्डी तिराहा, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र (उ0प्र0) अध्यक्ष संजय मिश्रा कि अगुवाई में परशुराम जयंती का कार्यक्रम हुआ सम्पन।

गौरतलब है कि रविवार को हर्षोल्लास के साथ परशुराम जयंती मनाई गयी। यह वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को भगवान विष्णु के छठे अवतार के जन्म के रूप में मनाई जाती है। भगवान परशुराम को न्याय, साहस और धर्म का प्रतीक माना जाता है, जिनका जन्म ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ था। परशुराम जयंती की मुख्य बातें: चिरंजीवी अवतार: पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम आठ चिरंजीवियों (अमर) में से एक हैं और कलियुग के अंत तक जीवित रहेंगे। महत्व: इस दिन भगवान शिव से प्राप्त 'फरसा' (कुल्हाड़ी) धारण करने वाले परशुराम जी की पूजा की जाती है, जिससे जीवन में आत्म विश्वास और साहस बढ़ता है। उनके पराक्रम और शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। अक्षय तृतीया का संयोग: यह पावन दिन अक्षय तृतीया के साथ पड़ता है, जो नई शुरूआत और दान-पुण्य के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। हवन पूजन कर केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा, सोनभद्र कार्यालय-बभनौली कालोनी, नियर चण्डी तिराहा, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र (उ0प्र0) पर मनाया गया। इस मोके पर गजेंद्र दीक्षित, संदीप मिश्रा, मोहर देव पाण्डेय, विवेक कुमार पाण्डेय, रवि तिवारी, विमलेश कुमार तिवारी, संगम पाण्डेय, आलोक पति तिवारी, एस.एन. दुबे, राजू दुबे, अजय दुबे, वैभव दीक्षित, चंद्रकांत मिश्रा, रवि पाण्डेय, अमित शुक्ला, विक्की पाठक, शैलेन्द्र मिश्रा, सुनील चौबे, मुनि महेश शुक्ल, शिव प्रकाश पाण्डेय, तारा, पंकज देव पाण्डेय, सोनभद्र बार असोसिएशन सोनभद्र संयुक्त सचिव (प्रकाशन) विवेक कुमार पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, प्रफुल्ल तिवारी आदि सेंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# राहुल गांधी पोस्टर विवाद: कांग्रेस का प्रदर्शन तेज, शिकायत के साथ कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। जनपद में राजनीतिक माहौल उस समय गरमा गया, जब भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के कथित विरोध प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तस्वीर के साथ अभद्रता का मामला सामने आया। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी के पोस्टर पर कालिख पोती गई और जूते-चप्पलों से प्रहार कर अपमानजनक व्यवहार किया गया। इस घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला और इसे लोकतांत्रिक मयार्दा पर सीधा हमला बताया गया। घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी, सोनभद्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पहुंचे, जहां महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे के लेटरहेड पर लिखित तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता के साथ इस प्रकार का व्यवहार निंदनीय है और यह लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। जिला अध्यक्ष रामराज गोंड ने अपने बयान में कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो 22 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी पूरे जिले में भाजपा सरकार के खिलाफ शवयात्रा निकालकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और यदि इसमें लापरवाही बरती गई तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

वहीं जिला उपाध्यक्ष संगीता श्रीवास्तव ने भाजपा महिला मोर्चा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि महिलाओं के नाम पर राजनीति करने वाला संगठन इस प्रकार की अमर्यादित हरकत कर समाज में गलत संदेश दे रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उक्त प्रदर्शन में मेडिकल कॉलेज की छात्राओं को उनके गणवेश में शामिल किया गया, जो अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने संबंधित शिक्षण संस्थान की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें शहर अध्यक्ष हाजी फरीद, प्रदेश सचिव जितेंद्र कुमार पासवान, पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सेतराम केशरी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशांक मिश्रा, शांति विश्वकर्मा, बृजेश तिवारी, रामेश्वर यादव, दयाशंकर पांडे, शारद पनिका, ज्यूत मौर्या, जितेंद्र पासवान, बेबी सिंह, ऊषा सिंह, आशीष सिंह, पंकज मिश्रा, बाबूलाल पनिका, जितेंद्र देव, कन्हैया पांडेय, नूरुद्दीन खान, मृदुल मिश्रा, राहुल सिंह, सेराज हुसैन, राजरूप शुक्ला, शेखर शरण सिंह, अमरेश देव पांडेय, सुनील मिश्रा, अर्जुन खरवार, लल्लू राम पांडे, पूनम पठारी, रोजनी, विशिष्ट कुमार चौबे, दिनेश यादव, रोहित जैसवाल, पिंटू चौबे, रोहित मिश्रा, दिनेश पासवान, सेराज अहमद, सूरज कुमार चंद्रवंशी, शीतला पटेल, रियाज खान, संजय तिवारी सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में विपक्ष के नेताओं और कार्यकताओं के साथ लगातार भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। उनका कहना है कि भाजपा कार्यकताओं द्वारा इस प्रकार की घटनाएं पहले भी की जा चुकी हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे कार्यकताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# जन समस्याओं के निवारण हेतु राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सोनी ने उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड को जन समस्या के निवारण के लिए रविवार को ज्ञापन पत्र सौंपा। श्री सोनी ने पत्र के माध्यम से



अवगत कराया की विकास खंड चोपन स्थित ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के वार्ड नंबर 9 मां शारदा कॉलोनी में विगत कई वर्षों से पर्याप्त प्रकाशित व्यवस्था न होने के कारण रहवासियों को आवागमन में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि उक्त वार्ड में घनी आबादी निवास करती है, वहीं रात में अंधकार होने की वजह से राहगीरों का चल पाना दुभर हो जाता है, जिससे कोई भी अप्रिय घटना दुर्घटना घटित हो सकती है। राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उक्त वार्ड में प्रर्याप्त प्रकाशित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

# केवाल में ब्राह्मण समाज ने धूम धाम से मनाई भगवान परशुराम की जयंती

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

कोन/सोनभद्र। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज कोन द्वारा रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर के कोन थाना क्षेत्र के केवाल गाँव में भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।



कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की प्रतिमा के विधि-विधान से गंगाजल द्वारा अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान को अंग वस्त्र, यज्ञोपवीत, तिलक चंदन अर्पित कर माल्यार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिससे पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।हवन और पूजा-अर्चना के उपरांत आरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे लोगों को धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी (पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी) ने कहा कि अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है। यह दिन ज्ञान, साहस और अन्याय के अंत का प्रतीक है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी (अमर) माना जाता है, जिन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की थी।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष शशांक मिश्रा, सुशील चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, अनुपम त्रिपाठी, सतीश तिवारी, विद्यानंद तिवारी, वाचस्पति त्रिपाठी, संजय चतुर्वेदी, संदीप, कृपानंद तिवारी, अमरेश पाण्डेय, दिलीप त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी हृदय निवास पाण्डेय साहित तमाम ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और धार्मिक आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

# परशुराम जयंती पर करारी में काव्यार्चन का आयोजन, शहीद स्थल पर कवियों ने दी प्रस्तुति

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद के करारी शहीद स्थल पर रविवार शाम भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में काव्यार्चन का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि शिवदास चंदौली ने की। मुख्य अतिथि अजय चतुर्वेदी 'कक्का' और विशिष्ट अतिथि दिवाकर द्विवेदी 'मेघ' व शिक्षिका कौशल्या कुमारी चौहान रहीं। अतिथियों ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम, मां शारदे और अमर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपदान कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सोन संगीत फाउंडेशन के सुशील मिश्रा ने वाणी वंदना करते हुए "जगमग जोत जरादा जननी सबके रहिया दिखा दा हो" सस्वर सुनाकर श्रोताओं को आनंदित किया। ओज की कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने "दुष्टों का कर दूंगी नाश मैं दुर्गा भवानी हूँ" प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता अशोक तिवारी ने किया, जिन्होंने "अंधकार का नाश करो जनजन का संत्रास हरो राम परशु लेकर आओ धर्म ध्वजा आकाश करो" सुनाकर महफिल में जोश भर दिया। मुख्य अतिथि अजय चतुर्वेदी 'कक्का' ने समसामयिक अभिव्यक्ति देते हुए कहा, "मेरे पूर्वज संस्कृति पर जो भी हमला बोलेगा, उनको सबक सिखाएंगे हम मौन नहीं रह सकते हैं।" उनकी प्रस्तुति को गंभीर चिंतन के लिए सराहा गया। दिवाकर द्विवेदी 'मेघ' ने भगवान परशुराम पर काव्यार्चन करते हुए "शक्ति साहस शौर्य सेवा सत्य शिव व्यवहार दे, लेकर फरशा परशु अपना मनुजता को धार दे" और "आदमी अब कितना रह गया है आदमी" सुनाकर श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया। आयोजक अधिवक्ता प्रद्युम्न त्रिपाठी ने अपनी रचना में कहा, "परशुराम के वंशज हो तो राह पर उनके चलना सीख, सदा आचरण हेतु मनुजता, जाग पर उनके रहना सीख।" विवेक चतुर्वेदी ने अपनी शायरी से देर तक वाहवाही लूटी, जबकि अधिवक्ता धर्मेश चौहान ने देश वंदना कर काव्यार्चन को सफल बनाया। दयानंद दयालु, अनमोल मणि, ऋषभ त्रिपाठी, लेखपाल अशोक तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार सुनील तिवारी, विजय विनीत, सुधाकर पांडेय, स्वदेश प्रेम और दिलीप सिंह दीपक सहित कई कवियों ने हास्य, व्यंग्य, ओज, श्रृंगार, छंद, गीत, गजल और लोक भाषा की अनेक रचनाएं सुनाकर लोगों को उत्साह से भर दिया। अंत में, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंदौली से पधारे वरिष्ठ कवि शिवदास ने "लहर रहा है गगनांगन में गौरव का अभिमान तिरंगा मांग रहा बलिदान" सुनाकर राष्ट्र वंदन के साथ आयोजन का समापन किया। सभी कवियों का सारस्वत अभिनंदन किया गया।

# 121 मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपा गया

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। रविवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त अपराध श्रीमती नीतू कादयान के निर्देशन व अपर



पुलिस उपायुक्त अपराध नृपेन्द्र एवं सहायक पुलिस आयुक्त अपराध शुभम सिंह के नेतृत्व में कमिश्नरेट वाराणसी सर्विलांस टीम एवं समस्त थानो द्वारा खोया पाया 121 अदद मोबाइल अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपा गया।

खोये हुये मोबाइल के सम्बन्ध में मोबाइल स्वामियो द्वारा खोये जाने, गिर जाने के सम्बन्ध में जनशिकायत सीईआईआर के माध्यम से सूचना देने के बाद कमिश्नरेट वाराणसी सर्विलांस टीम एवं समस्त थानो द्वारा अथक प्रयास कर मोबाइलों को बरामद किया गया तथा उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामी अपने मोबाइल को पाकर प्रसन्न हुये तथा उनके द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा की गयी।

सर्विलांस टीम में निरीक्षक दिनेश कुमार यादव (प्रभारी सर्विलांस)., मु.आ. ज्ञानेन्द्र कुमार मु.आ. संतोष कुमार पासवान, आ. अश्विनी सिंह, आ. प्रेम पंकज कुमार, आ. मनीष कुमार, आ. प्रशान्त तिवारी, आ. बृजेश यादव, आ. अनुपम सिंह, आ. अभिराम शर्मा, आ. दुष्यन्त राय व समस्त थाना ने सहयोग किया ।

# श्याम कुंज साड़ीज का भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। शहर के हृदय स्थल आस भैरव क्षेत्र में रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्याम कुंज साड़ीज का भव्य शुभारंभ बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस खास मौके पर स्थानीय नागरिकों और ग्राहकों की उल्लेखनीय उपस्थिति देखने को मिली।

यह शोरूम पारंपरिक भारतीय परिधानों और आधुनिक फैशन का बेहतरीन



संगम प्रस्तुत करता है। विशेष रूप से महिलाओं की पसंद, सुविधा और नवीन ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए इसे आकर्षक ढंग से सजाया और विकसित किया गया है।

इस प्रतिष्ठान को साकार करने में श्री अरविंद जैन एवं श्री सुजीत केसरी की दूरदर्शिता, समर्पण और कड़ी मेहनत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यह शोरूम ग्राहकों के लिए अपने द्वार खोल चुका है।उद्घाटन के साथ ही शोरूम में खरीदारी के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आकर्षक ऑफर्स, नई वैरायटी और निश्चित उपहारों ने इस शुभ अवसर की खुशी को और भी खास बना दिया।

श्याम कुंज साड़ीज के शुभारंभ से न केवल स्थानीय व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद है, बल्कि यह क्षेत्र की महिलाओं के लिए फैशन और गुणवत्ता का एक नया केंद्र बनकर उभरेगा।

# देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़, छह लोग गिरफ्तार

**समाज जागरण**

वाराणसी पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद एसओजी 2 की टीम ने छापेमारी के दौरान चितईपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर में सन फ्लॉवर अकेडमी



के पास दीपक सिंह नामक व्यक्ति के घर पर चल रहे सेक्स रैकेट के का पदार्फाश किया है।मौके से देह व्यापार में लिप्त 4 युवक और 2 युवतियां सहित कंडोम ,उत्तेजक दवाएं भी पुलिस टीम ने पकड़ी है।

लोगों का आरोप है कि काफी समय से यहां देह व्यापार चल रहा था जिससे लोग परेशान थे। इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर से की थी।

यहाँ मोबाइल से संपर्क करके ग्राहक और लड़कियां बुलाए जाते रहे हैं। लड़कियों को बुलाकर दूसरे स्थानों पर भी भेजा जाता रहा है ।

# बैल के हमले से महिला घायल पीएचसी में भर्ती

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव में रविवार की सुबह बैल के हमले से महिला घायल हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को बैल से बचाते हुए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी 50 वर्षीय धनपत्ती देवी सड़क पर टहल रही थी की बैल ने हमला कर दिया महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को बैल से बचाते हुए तत्काल एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के चालक दिलीप यादव ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला को उपचार के लिए भर्ती कर महिला का उपचार शुरू कर दिया है उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ है

# लेडी सिंघम डीसीपी नीतू कादयान को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मोमेंटो, बुके व अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

## उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें दी बधाई

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस गोमती जोन नवागत डीसीपी लेडी सिंघम नीतू कादयान के आने से व्यापारियों में खुशी की लहर दिखा। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता के नेतृत्व में उनको अंगवस्त्र,मोमेंटो, बुके देकर सम्मानित किया गया।

व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ,फूलपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारी राजकुमार गुप्ता ह्यराजूह्व, विक्की गोंड तथा मंगारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू सिंह,प्रमोद पांडे,महिला युवा जिलाध्यक्ष राधिका तिवारी मिजार्मुराद वाराणसी,हाथी बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष शुभम ठाकुर, सिंधोरा बाजार व्यापार मंडल महामंत्री सुबास जायसवाल ,जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, पत्रकार अजय कुमार दुबे और 30 बाजारों के अध्यक्ष महामंत्री ने डीसीपी को



अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न, बुके भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याए जैसे सुरक्षा व्यवस्था,यातायात अव्यवस्था और बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं को विस्तार से अवगत कराया।

डीसीपी नीतू कादयान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी व्यापार मंडलों के साथ एक संयुक्त बैठक उनके कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। साथ ही थाना स्तर पर भी प्रत्येक माह नियमित बैठक कर व्यापारियों के हित में बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा,ताकि सुरक्षा और व्यवस्था दोनों सुदृढ़ रह सके।

डीसीपी के इस आश्वासन से व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान के साथ पुलिस - व्यापारी समन्वयन मजबूत होगा।

# मैजिक और ट्रक की टक्कर, एक की मौत तीन घायल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के परमपुर कट के पास रविवार की भोर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक मैजिक वाहन राजातालाब से विवाह संबंधी कार्यक्रम से वापस हरहुआ की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने मैजिक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक सवार सनी यादव उर्फ शुभम यादव, उम्र लगभग 16 वर्ष निवासी भोजुबीर की मौके पर ही मौत हो गई। जब की वाहन में सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलने पर जंसा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हाथी बाजार भेजा, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डॉ0 आंबेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया टी0 राम

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी समानता ,न्याय ,शिक्षा और संगठित होकर संघर्ष,संविधान के साथ समतामूलक भारत बनाने का कार्य कर आजाद भारत वसीयत के रूप में देशवासियों को दिया। हम उनके सदैव ऋणी हैं।

उक्त बातें अजगरा विधानसभा के मुनारी में अम्बेडकर शक्ति युवा संगठन द्वारा आयोजित बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

वक्ताओं में कार्यक्रम अतिथि बैजनाथ रावत (अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य),सांसद चंदौली वीरेंद्र सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख रामबालक पटेल ,रामप्रकाश सिंह 'बीरू',संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष




अजय आर्या,सूरज चौधरी,राणा चौहान,भाजपा नेता कपिल नारायण पांडेय,विजय राजभर,गुलाब राम पूर्व आईटीआई प्रिंसिपल,तथा संगठन के अन्य सदस्य गण नौजवान ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# प्रदेश में लू-प्रकोप के प्रबंधन हेतु गैर सरकारी संगठनों के साथ राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा इंटर एजेंसी ग्रुप उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आपदा जोखिम न्यूनीकरण में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी ने की।

अपने संबोधन में उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में विगत दिनों से तापमान में अत्यधिक वृद्धि हो रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मानव जीवन के साथ-साथ पशुधन, कृषि तथा उत्पादन क्षमता पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी लू-प्रकोप के प्रभावी प्रबंधन के लिए सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं को समन्वित रूप से कार्य करना होगा, तभी शून्य टालनीय मृत्यु के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि लू-प्रबंधन से संबंधित उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है।

इंटर एजेंसी ग्रुप उत्तर प्रदेश के संयोजक तथा सलाहकार समिति



सदस्य डॉ. भानु ने बताया कि प्रदेश में लगभग 300 सक्रिय सदस्यों का यह तंत्र निरंतर समुदाय स्तर पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में कार्यरत है। इनके अनुभवों एवं सुझावों के आधार पर इस वर्ष और अधिक प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

राज्य समन्वयक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि 54 जनपदों में जिला स्तरीय इंटर एजेंसी ग्रुप का गठन किया जा चुका है, जिनमें से 25 जनपदों में सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लू-प्रकोप के संबंध में जनजागरूकता हेतु ऑनलाइन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं तथा चेतावनी संदेशों का प्रसार अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जा रहा है।

कार्यशाला में विभिन्न गैर सरकारी संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं–जैसे स्फीयर इंडिया, एक्शन एड, सेव द चिल्ड्रेन (बाल रक्षा भारत), केयर इंडिया, यूनिसेफ लखनऊ सहित अन्य संस्थाओं–के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों तथा वर्ष 2026 में लू-प्रकोप से संबंधित प्रस्तावित गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

# डोर टू डोर फार्मर रजिस्ट्री कार्य का बीडीओ हरहुआ ने गांव में जाकर ली जानकारी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसानों के लिए चलाये जा रहे फार्मर रजिस्ट्री के लिए अब कर्मचारियों को 'डोर टू डोर' लगाया गया है। रविवार को आयर में 'डोर टू डोर फार्मर रजिस्ट्री' कर रहे कर्मचरियो से प्रगति की जानकारी बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने ली।आयर में 21 भटपुरवा कला में 16 तथा शिवरामपुर में 11 फार्मर रजिस्ट्री डोर टू डोर में बनाई गई।

वर्मा ने बताया कि किसानों को एक यूनिक नम्बर के जरिये सारी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री न होने पर सरकार द्वारा दी जाने वाली कोई भी सरकारी सुविधा नही मिलेगी।

ग्राम प्रधान आयर सूर्यप्रकाश




मौर्य ,भटपुरवा कला प्रधान सरोज देवी शिवरामपुर प्रधान मंजुला देवी सचिव संजय सोनकर, जयप्रकाश भारती ने सहयोग किया

इस मौके पर सहायक विकास कृषि अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय, सूर्य प्रकाश मौर्य, सचिव संजय कुमार सोनकर, जयप्रकाश ,लेखपाल आशुतोष सिंह, प्राविधिक सहायक के0 के0 मौर्य, पंचायत सहायक सर्वेश पटेल, रोजगार सेवक सोनकर प्रसाद मौजूद रहे।।

वर्मा ने कहा कि किसान अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, खतौनी ,मोबाइल लेकर अपने पंचायत भवन पर जाकर फॉर्मर रजिस्ट्री कराने का किसानों से आग्रह किया।

# परशुराम जयंती पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव वाराणसी ग्राम सभा में स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आज दिनांक 19 अप्रैल 2026, दिन रविवार को भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव के शुभ अवसर पर वैदिक ब्राह्मण कल्याण परिषद संगठन की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता पंडित मिश्रा ने अपने ओजस्वी शब्दों से उपस्थित विप्रजनों को भगवान परशुराम जी के जीवन, उनके पराक्रम, धर्म रक्षा और आदर्शों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समाज को एकजुट होकर धर्म और संस्कृति की रक्षा करने का संदेश



दिया।

कार्यक्रम के दौरान वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विधिवत पूजा-पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम से संपूर्ण समाज के कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीष चौबे, शिव तिवारी , मनीष मिश्रा,विक्रांत मिश्रा, सुमित मिश्रा, विजय मिश्रा गिरजेश मिश्रा , चंदन मिश्रा पिंटू दुबे , प्रशांत त्रिपाठी,विनीत मिश्रा, राजू मिश्रा, विनीत शुक्ला, संदीप मिश्रा, शाजू मिश्रा,संदीप दुबे, सोनू पांडे, लोकनाथ शुक्ला, विनय मिश्रा, आदर्श पांडे, प्रवीण मिश्रा, विमल मिश्रा ,ओम तिवारी, काजू चौबे, रुद्र तिवारी , यशवंत तिवारी (लखन), हिमांशु पांडे और सोनू मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया और पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजकों की सराहना की गई।

# शिवाला घाट पर गंगा में डूबने के बड़ा हादसा टला, नाविकों की बहादुरी से सभी सुरक्षित बचे

**समाज जागरण**

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट के सामने गंगा में स्नान के दौरान रविवार को दक्षिण भारत के 10 से 15 तीर्थयात्री स्नान कर रहे थे।इसी बीच दो महिलाओं समेत तीन लोग गहरे पानी में डूबने लगे। तीनों को डूबते देख उनके साथियों ने शोर मचाते हुए बचाने के लिए गुहार लगानी शुरू कर दी। वहां नावों पर मौजूद सुरेश मांझी, दिलीप साहनी व भुआल साहनी ने कूदकर तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

प्राप्त जानकारी के आधार पर आंध्र प्रदेश के श्रीकाकोर्णम के काशी बुगा के रहने वाले 40 सदस्यों की संख्या में काशी भ्रमण करने के लिए



आए हैं। सोनारपुरा इलाके में ठहरे हैं। काशी भ्रमण के दौरान दूसरे दिन गंगा स्नान करने के लिए सभी शिवाला घाट के सामने पहुंचकर स्नान कर रहे थे कि घटना घट गई।

डूबने से बचाने के लिए अपने नाव पर बैठे सुरेश माझी ,दिलीप साहनी व भुआल साहनी एक साथ कूदकर अपने सहयोगियों को लेकर बांस ,रस्सी से एस0वी0 पंडा 50 वर्ष, अनुषा प्रिय 22 वर्ष ,चिन्नी पैरोस 20 वर्ष को गहरे पानी से निकालकर जान बचाई। आंध्र प्रदेश से आये तीर्थ यात्रियों ने इसे बाबा भोलेनाथ का चमत्कारी आशीर्वाद बताया।

# महुगढ़ी जंगल में लगी आग दूसरे दिन बबुरा के अलमी जंगल तक पहुंची

## आग की चपेट आने से वन्य जीव और जंगली पेड़ पौधे जलकर हो रहे राख वनकर्मियों की लापरवाही से जंगल में लग रही आग

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज वनरेंज कार्यालय के कर्मियों व रेंजर की लापरवाही से आयें दिन जंगल में आग लग रही है वनकर्मियों द्वारा कार्यालय में बैठकर बिल बाउचर बनाकर धनराशि निकाला जा रहा है जंगल में नियमित गस्त नहीं करने से महुगढ़ी जंगल शुक्रवार की पूरी रात सुलगता रहा।दूसरे दिन शनिवार दोपहर को वनविभाग की टीम महुगढ़ी जंगल की बुझाने में कामयाब हो गई। लेकिन तेज हवाओं के चलने से महुगढ़ी जंगल में लगी आग फैलते हुए बबुरा वनक्षेत्र के अलमी जंगल तक पहुंच गई। वनविभाग की टीम जहां एक जगह आग बुझाने में कामयाब होती है तो वहीं हवाओं के चलने से आग फैलकर दूसरी जगह लग जा रही है। पहाड़ के ऊपरी हिस्से में लगी आग को बुझाने में वनविभाग की टीम को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आग की चपेट में आने से वन्यजीव मौत के मुंह में समा रहे हैं। आग से नीम,खैर ,तेंदू,पलाश,सलई आदि जंगली पेड़ जलकर नष्ट हो रहे हैं। शनिवार देर शाम तक वनविभाग की टीम आग बुझाने में जुटी रही लेकिन जंगल फैली आग पर काबू नही पाया जा सका। वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि महुगढ़ी जंगल की आग पर काबू पा लिया गया है दोपहर में आग बुझाने के दौरान धुएं के कारण मधुमक्खियों उड़ने से आग बुझाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बबुरा वनक्षेत्र के अलमी जंगल में लगी आग को बुझाने का तेजी से प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा।

# ग्राम संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती के ब्लॉक जमुनहा अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबेडीह एवं अचरौरा शाहपुर में बाल श्रम मुक्त उत्तर प्रदेश व मिशन वात्सल्य के तहत ग्राम बाल संरक्षण समित की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

बैठक में बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने तथा 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही बाल श्रम में संलिप्त बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान बीओसीडब्ल्यू (BOCW) योजना के अंतर्गत ई-श्रम कार्ड बनवाने पर भी विशेष बल




दिया गया।

अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा की गई। ग्राम प्रधान द्वारा मैरिज एवं माइग्रेशन रजिस्टर में विवरण समय से अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से बाल श्रम व बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं समुदाय के अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। बैठक में समस्त विद्यालय स्टाफ, विशेष किशोर पुलिस इकाई, मिशन शक्ति टीम, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री, आशा, एएनएम एवं अन्य संबंधित हितधारक , एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से श्री अभिषेक जी एवं देहात इंडिया से श्री सारजन वर्मा भी उपस्थित रहे।

# महारास लीला से कंस वध तक गूंजा भक्ति रस, कृष्ण-रुक्मणि विवाह में झूमे श्रद्धालु

## छठवें दिवस की कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, पं. शिवम गर्ग ने सुनाए विविध प्रेरक प्रसंग

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा। हटा ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम बंधा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण कर भावविभोर हो उठे। कथावाचक पंडित शिवम गर्ग ने महारास लीला का रसपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि यह लीला आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाकर भक्ति की पराकाष्ठा को दशार्या, जहां प्रेम, समर्पण और आध्यात्मिक एकत्व का



संदेश निहित है। इसके पश्चात कंस वध का प्रसंग सुनाते हुए पं. गर्ग ने बताया कि अधर्म और अत्याचार का अंत निश्चित है। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर धर्म की स्थापना और सत्य की विजय का संदेश दिया, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं ने जयकारों से पंडाल गूंजा दिया।

कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह का सुंदर प्रसंग भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विवाहोत्सव की झांकी सजाई गई, जिसमें श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। इसके अलावा कथा में अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का भी वर्णन किया गया, जिनमें भक्तों को धर्म, कर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें


**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**


आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी













नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.


विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही





बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.







तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक



# नीतीश पुत्र निशांत को 'Z+' सुरक्षा

- भू-माफियाओं से लोहा लेने वाले विजय सिन्हा की सुरक्षा में कटौती
- जनता के टैक्स का कैसा उपयोग?



**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की सियासत में सुरक्षा श्रेणियों का बंटवारा एक बार फिर चर्चा और विवादों के केंद्र में है। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए सुरक्षा संबंधी निर्णयों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यकाल के शुरूआती फैसलों में सबसे चौंकाने वाला निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को 'Z+' श्रेणी की सुरक्षा देना और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा को 'Z+' से घटाकर '' श्रेणी का करना रहा। निशांत कुमार, जो बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के इकलौते पुत्र हैं, वर्तमान में जदयू के सक्रिय सदस्य तो हैं, लेकिन वे कभी किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक या सरकारी पद पर नहीं रहे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निशांत ने कभी ऐसा कोई सार्वजनिक या साहसिक निर्णय नहीं लिया जिससे उनके कोई धुर विरोधी या शत्रु पैदा हुए हों। वे न तो किसी सामाजिक आंदोलन के अगुआ रहे हैं और न ही किसी विवादित अभियान के नेतृत्वकर्ता। ऐसे में उन्हें राज्य की सर्वोच्च 'Z+' श्रेणी की सुरक्षा देना समझ से परे है। माफियाओं के निशाने पर रहे विजय सिन्हा की सुरक्षा कम वही दूसरी ओर, पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का मामला बिल्कुल उलट है। अपने महज चार-पांच महीने के कार्यकाल के दौरान सिन्हा ने प्रदेश के भू-माफियाओं के खिलाफ एक निर्णायक युद्ध छेड़ा था। सरकारी तंत्र और राजस्व विभाग में गहरी पैठ बना चुके माफिया नेक्सस के खिलाफ उन्होंने कई कड़े फैसले लिए, जिसके कारण वे सीधे तौर पर अपराधियों और भ्रष्ट तत्वों के निशाने पर रहे हैं। थ्रेट परसेप्शन (खतरे की आशंका) अधिक होने के बावजूद उनकी सुरक्षा श्रेणी को घटाना सरकार की प्राथमिकता और इंटेलिजेंस रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाता है। बिहार सरकार द्वारा सुरक्षा वितरण की यह कार्यशैली केवल बड़े चेहरों तक सीमित नहीं है। राज्य में कई ऐसे नेता भी हैं, जिन्हें '' और '' श्रेणी की सुरक्षा दी गई है, जिनका जनहित या सुरक्षा जोखिम से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं दिखता।

आलोचकों का कहना है कि सुरक्षा श्रेणी अब सुरक्षा के बजाय 'स्टेटस सिंबल' बनती जा रही है। आम जनता के खून-पसीने की कमाई से भरे गए टैक्स का उपयोग राजनेताओं के परिजनों और रसूखदारों की सेवा में किया जा रहा है। जमीनी खतरों को नजरअंदाज कर राजनीतिक रसूख के आधार पर सुरक्षा बांटना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। क्या बिहार सरकार सुरक्षा के इन फैसलों पर पुनर्विचार करेगी या जनता की गाढ़ी कमाई इसी तरह 'खास' लोगों की सुरक्षा पर खर्च होती रहेगी? यह सवाल अब गलियारों में गूंजने लगा है।

# हत्या की आशंका से इलाके में फैली सनसनी

## पटना में पालीगंज में 13 वर्षीय किशोर का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत रानीतालाब थाना क्षेत्र के बराह गांव में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के बाहर एक 13 वर्षीय किशोर का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। मृतक की पहचान रामकुमार यादव के पुत्र भोला कुमार के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता रामकुमार यादव ने बताया कि उनका बेटा शुक्रवार शाम 4 बजे से ही घर से लापता था। उन्होंने बताया की जब मैं सुबह करीब 4 बजे काम से वापस लौटा, तो देखा कि भोला घर के बाहर ही बेसुध पड़ा है। करीब जाने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। किसी ने उसकी बेरहमी से हत्या की और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को घर के बाहर फेंक कर फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पालीगंज डीएसपी-2 पंकज शर्मा और स्थानीय थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए पटना से त्रश्छ (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) की टीम को भी बुलाया गया है। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि मृतक भोला कुमार नशे का आदी था और आशंका जताई जा रही है कि मौत की वजह यह भी हो सकती है। फिलहाल, पुलिस हर पहलू पर गौर कर रही है। प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा की परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। त्रश्छ की टीम वैज्ञानिक साक्ष्य जुटा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि किशोर की मौत चोट लगने से हुई है, नशे की ओवरडोज से या फिर यह सोची-समझी हत्या है। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# विरोध करने पर दुकानदार का सिर फोड़ा

## पटना के रामकृष्ण नगर में ज्वेलरी दुकान से 20 लाख की लूट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ राजधानी पटना में बेखौफ अपराधियों ने एक बार फिर पुलिसिया इकबाल को चुनौती दी है। रविवार को रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के घाना कॉलोनी चौराहा स्थित 'श्री लक्ष्मी अलंकार ज्वेलर्स' में पांच हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े फिल्मी अंदाज में धावा बोलकर करीब 20 लाख रुपये के जेवरात लूट लिए। वारदात के दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने दुकानदार धनंजय कुमार को पिस्टल की बट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए पांचों अपराधियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहन रखा था। दुकान में घुसते ही उन्होंने पिस्टल की नोक पर ग्राहकों और स्टाफ को बंधक बना लिया। जब धनंजय कुमार ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो लुटेरों ने उनके सिर पर पिस्टल के कुंदे से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। अपराधी काउंटर और लॉकर में रखे करीब 100 ग्राम सोने और 3 किलो चांदी के जेवरात समेटकर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस बड़ी वारदात से स्थानीय व्यापारियों में भारी दहशत और आक्रोश है। व्यवसायियों ने पुलिस गश्ती पर सवाल उठाते हुए कहा कि नियमित पेट्रोलिंग न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। घटना के बाद सिटी एसपी (पूर्वी) परिचय कुमार और एसडीपीओ रंजन कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। सिटी एसपी ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए त्रश्छ की टीम को भी लगाया गया है। पुलिस का दावा है कि अपराधियों ने वारदात से पहले दुकान की रेकी की थी। पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं और जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल, घायल दुकानदार का इलाज जारी है और पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# हीट वेव को लेकर औरंगाबाद में अलर्ट: पंचायत स्तर पर चलेगा जागरूकता अभियान

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**


समाहरणालय, औरंगाबाद
-आदेश-

नबीनगर (बिहार) जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के आदेश पर भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए जिले के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। घड़े और ओआरएस की होगी।व्यवस्था। इस संबंध में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, औरंगाबाद ने पत्र के माध्यम से सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों, मुखिया और सरपंचों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए है दिया गए दिशा निर्देश में -1. सभी ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों पर दो से चार घड़े पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी होगी। 2. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (MOIC) से संपर्क कर ORS पैकेट प्राप्त कर वार्ड सदस्यों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे।3.सार्वजनिक स्थानों पर "क्या करें और क्या न करें" से संबंधित हीट वेव से बचाव के बैनर लगाए जाएंगे।सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अपने प्रखंड में पेयजल आपूर्ति पर सतत निगरानी रखेंगे और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (PHED) के कनीय अभियंता के संपर्क में रहेंगे।बैठक, बैनर और घड़े के अधिष्ठापन की जियोटैग फोटो औरंगाबाद अॅल्लि ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हीट वेव से निपटने के लिए पंचायत स्तर पर यह तैयारी बेहद जरूरी है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी तरह की जनहानि न हो।

# पटना में कफ सिरप तस्करी मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत कफ सिरप तस्करी से जुड़े मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर अगमकुआ थाना क्षेत्र में की गई, जहां से पुलिस ने सभी अभियुक्तों को दबोच लिया। बताया जाता है कि यह मामला गौरिचक थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोप दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त इस कांड के अप्राथमिकी आरोपी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में मदन कुमार उर्फ मुनचुन (28 वर्ष), पिता स्व. शिवचरण महतो, निवासी औरा थाना तरियानी जिला शिवहर, परवेज आलम (40 वर्ष), पिता मोहम्मद महताब, निवासी अररिया थाना अररिया जिला अररिया तथा मनोज कुमार (36 वर्ष), पिता स्व. मोहन प्रसाद, निवासी पक्की गोरिया थाना खाजेकला जिला पटना शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों अभियुक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी से जुड़े हुए थे और लंबे समय से पुलिस की नजर में थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई और आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल सभी अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।



# पटना में पत्रकारों को मिला सम्मान

## बिहार स्टेट जर्नलिस्ट एसोसिएशन दानापुर पटना ने किया सम्मानित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के दानापुर अंतर्गत सगुना मोड़ के पास मंगलम रोड स्थित मान्या रिसोर्ट में रविवार को बिहार स्टेट जर्नलिस्ट एसोसिएशन दानापुर पटना की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत में बंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया गया। वही मौके पर मौजूद आईआईटी पटना के निदेशक टी. एन. सिंह, एमिटी यूनिवर्सिटी पटना के कुलपति विवेकानन्द पांडेय, प्राथमिक शिक्षा बिभाग के निदेशक बिक्रम विरकर, दानापुर नगर परिषद अध्यक्ष शिल्पी कुमारी, फुलवारी नगर परिषद अध्यक्ष मो. आफताब आलम व प्रसिद्ध चिकित्सक राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार अमरजीत शर्मा व संचालन पत्रकार चंद्रभूषण मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो से सम्मानित किया गया। उसके बाद मौके पर मौजूद पत्रकारों व संवाददाताओ को अंगवस्त्र व अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संचालित कर रहे संवाददाता चंद्रभूषण मिश्रा ने कहा कि संवाददाता व पत्रकार सबकी आवाज बनती है लेकिन उसकी दर्द भी आवाज कोई नही सुनते। ठंढी, गर्मी व बरसात सहकर दिन रात समाज कल्याण व लोगो को न्याय दिलाने के लिए कार्य करते है। यहां तक कि कभी कभार जान जोखिम ने भी डाल लेते है लेकिन प्रखण्ड व जिले स्तर के उन संवाददाताओ की सुधि लेने वाला शायद ही कभी कोई देखे जाते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार स्टेट जर्नलिस्ट एसोसिएशन के दानापुर, पटना अध्यक्ष अमरजीत शर्मा ने सरकार से मांग किया है कि प्रत्येक मीडिया हाउस से सम्बंधित प्रखण्ड से लेकर जिला स्तर तक के संवाददाताओ की सूची मांगकर उन्हें रजिस्टर्ड करें ताकि जो कुछ भी कभी कभार पत्रकारों व संवाददाताओ के लिए सरकार की ओर से योजनाएं चलाई जाती है उसका लाभ निचले स्तर से लेकर ऊपरी स्तर तक के पत्रकारों व संवाददाताओ को सामान रूप से लाभ मिल सके। जबकि कार्यक्रम में मौजूद एमिटी यूनिवर्सिटी पटना के कुलपति विवेकानन्द पांडेय ने अपनी शायराना अंदाज में पत्रकारों व संवाददाताओं का हौसला बुलंद किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आईआईटी पटना के निदेशक टी. एन. सिंह ने कहां की संवाददाता व पत्रकार खुद कष्ट झेल लेते है लेकिन देश, राज्य से लेकर जनता के विकास के प्रति सजग रहकर कार्य करते है। उनकी साहस काफी सराहनीय है। वही उन्होंने कार्यक्रम की आयोजन के लिए पत्रकारों को धन्यवाद दिया। मौके पर अमरजीत शर्मा, राजू सिंह सहित सैकड़ों संवाददाता व पत्रकार मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक से युवक का मिला शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (बिहार) बरवाडीह सोननगर रेलखंड के नबीनगर रोड रेलवे स्टेशन और बड़की सलैया रेलवे स्टेशन के बीच वक्तोआ गांव के पास एक युवक की लाश रेलवे ट्रैक के



समीप मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।मृतक की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के महुअरी बांध गांव निवासी अजय चौहान की लगभग 18 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची नबीनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।गजानकारी के अनुसार शव को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।प्रथम दृष्टि में मामला दुर्घटना प्रतीत होता है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।इधर घटना के बाद परिजनों के बीच मातम पसरा हुआ है।

# मानपुर में अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन, विधायक संजीव सरदार ने की शांति व समृद्धि की कामना

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



पोटका प्रखंड अंतर्गत मानपुर पंचायत के मानपुर गांव में रविवार को धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां श्री श्री सार्वजनिक अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा, जहां हरिनाम संकीर्तन की ध्वनि से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर उनका पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। विधायक ने मंदिर प्रांगण में मत्था टेक कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने भगवान से क्षेत्रवासियों के कल्याण और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से संकीर्तन में भाग लिया। लगातार चलने वाले इस अखंड हरिनाम संकीर्तन में भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन गांव में न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि लोगों के बीच आपसी संबंधों को भी सुदृढ़ करते हैं।

**धार्मिक आयोजनों से बढ़ती है सामाजिक एकता**

अपने संबोधन में विधायक संजीव सरदार ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराएं हमें जोड़ने का कार्य करती हैं और हमें इन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में जब समाज विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे आयोजनों की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। यह न केवल धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ करते हैं, बल्कि लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं। विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में सहयोग करें।

**ग्रामवासियों में उत्साह, जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में आंदोलनकारी नेता सुनील महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्रावती महतो सहित झामुमो के कई स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा।

गांव के लोगों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन वर्षों से होते आ रहे हैं और यह उनकी परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इससे नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और धार्मिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

**सांस्कृतिक विरासत को संजोने का प्रयास**

मानपुर गांव में आयोजित यह अखंड हरिनाम संकीर्तन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों ने यह संदेश दिया कि आधुनिकता के दौर में भी अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय समिति और ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ, जिसके लिए ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया। इस तरह मानपुर में आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम ने एक बार फिर यह साबित किया कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सेवादल कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर जोर, राहुल कुमार राजा सिंह राजपूत का अभिनंदन

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह की अध्यक्षता में तिलक पुस्तकालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला सेवादल कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल कुमार उर्फ राजा सिंह राजपूत के मनोनयन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सेवादल सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बलजीत सिंह बेदी उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया तथा नवनियुक्त अध्यक्ष को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में नवीन कुमार सिंह ने कहा कि सेवादल वर्ष 1923 से कांग्रेस संगठन की रीढ़ के रूप में कार्य कर रहा है और यह कांग्रेस की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने राहुल कुमार को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा।

वहीं बलजीत सिंह बेदी ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने युवाओं को जोड़ने और पूर्वी सिंहभूम में सेवादल के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया।




जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने सेवादल की भूमिका को और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार करने की बात कही।

कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद ने किया। इस अवसर पर मंजीत आनंद, अविनाश सिंह, अशोक सिंह क्रांतिकारी, अफसर इमाम, रीता शर्मा, सुल्तान अहमद, रंजीत सिंह, जसवंत सिंह, अनिता टोप्पो सहित कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए और नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

समारोह में ब्रजेन्द्र तिवारी, मकसूद आलम, आशुतोष सिंह, कौशल प्रधान, रविन्द्र मौर्य, राजकुमार वर्मा, लक्की शर्मा, फिरोज खान, असलम, इरफान, हरेकृष्ण लोहार, गोविंद बगदल, उत्तम मुखी, रामरतन राम, मन्नू झा, मुख्तार सिंह, रौशन केशरी, दीपक झा, नरेश पंचू, सुरज पातर, रोबिन शर्मा, आशीष ठाकुर, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ राष्ट्रगान जन-गण-मन गाकर किया गया। आयोजन के दौरान संगठन को मजबूत करने एवं आगामी दिनों में सेवादल की गतिविधियों को तेज करने का संकल्प लिया गया।

# वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 236वीं जयंती को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी, गोपाल मैदान में जुटेंगे 50 हजार से अधिक लोग

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

पोटका प्रखंड के भूमिज समाज में गौरव और एकता के प्रतीक वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 236वीं जयंती को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 25 अप्रैल को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले इस विशाल समारोह को लेकर तेंतला पंचायत भवन के समीप प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सुबोध कुमार सरदार ने की।

बैठक में बताया गया कि इस बार जयंती समारोह पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। संजीव सरदार के संरक्षण में हो रहे इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति पूरी सक्रियता से जुटी हुई है। कार्यक्रम में झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम से भी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। अनुमान है कि इस अवसर पर 50 हजार से अधिक लोग पारंपरिक वेशभूषा में एकत्र होकर भूमिज समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे।



कार्यक्रम के तहत भव्य सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 50 से अधिक सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भूमिज समाज की लोक परंपराएं, नृत्य और सांस्कृतिक पहचान को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही एक विशाल जनसभा भी आयोजित होगी, जिसमें सामाजिक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि पोटका विधानसभा क्षेत्र से लगभग 10 हजार लोग संगठित रूप से कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की व्यवस्था की जा रही है। प्रतिभागियों से पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होने की अपील की गई है, जिससे सांस्कृतिक एकरूपता प्रदर्शित हो सके।

आयोजन स्थल पर भोजन, पेयजल, चिकित्सा सहायता, यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। समिति ने सभी व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की हैं, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कार्यक्रम को राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया गया है, जबकि मंत्री चमरा लिंडा एवं दीपक बिरूआ को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रण भेजा गया है। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। समिति के सदस्यों ने विश्वास जताया कि यह आयोजन न केवल वीर शहीद गंगा नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा, बल्कि भूमिज समाज की एकता, संस्कृति और सामाजिक शक्ति का भी सशक्त प्रदर्शन बनेगा।